RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 110 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# ‘काशी’ विकास और विरासत का मॉडल बना : प्रधानमंत्री

## पूर्वांचल को दी 3 हजार 900 करोड की योजनाओं की सौगात

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने के बाद पहली बार शुक्रवार सुबह काशी पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र में यह 50वां दौरा है। बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पहुंचे। यहां 39 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन जीआई उत्पादों को प्रमाणपत्र और 70 वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड दिया। पीएम के हाथों प्रमाणपत्र पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि काशी आज विकास और विरासत का सबसे बड़ा मॉडल बन गया है।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हमरे परिवार के हमरे लोगन के हमार प्रणाम। आप सब लोग यहां हमें आपन आशीर्वाद देला। हम ई प्रेम के कर्जदार हौ। काशी हमार हौ, हम काशी के हौ। संकटमोचन के दर्शन का सौभाग्य मिला। काशी की जनता आज विकास का उत्सव मनाने यहां इकट्ठी हुई है। काशी के विकास ने नई गति पकड़ी है। आधुनिक विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। काशी प्रगतिशील भी है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज काशी सिर्फ पुरातन नहीं मेरी काशी प्रगतिशील भी है।



पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे के केंद्र में है। काशी के स्वयं महादेव रखवाले हैं। कहा कि पूर्वांचल के अनेक हिस्सों में जुड़ी ढेर सारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। कनेक्टिविटी को मजबूती देने वाले अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट गांव गांव, हर घर नल से जल पहुंचने का अभियान,स शिक्षा स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार और हर क्षेत्र हर परिवार हर युवा को बेहतर सुविधाएं देने का संकल्प। यह सारी बातें, यह सारी योजनाएं पूर्वांचल को विकसित पूर्वांचल बनाने की दिशा में मिल का पत्थर बनने वाली है। काशी के हर निवासी को इन योजनाओं से खूब लाभ मिलेगा। इन सभी विकास कार्यों के लिए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पीएम मोदी ने काशी को दी नई पहचान : योगी

सीएम योगी ने काशी में पीएम मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान कहा कि काशी में आज आपके कर कमल से लगभग 4000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास आपके द्वारा प्रदान की जा रही है। इसके लिए आपका हृदय से धन्यवाद। काशी में और उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि उत्तर प्रदेश देश के अंदर जीआई टैग में नंबर एक स्थान प्राप्त कर रहा है। आज यहां पर 21 में सर्टिफिकेट भी प्रदान करने जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए भी आपका हृदय से आभार व्यक्त कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि महाकुंभ में काशी की बड़ी भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि शिल्पकारों को पीएम ने नई पहचान दिलाई।



## वाराणसी गैंगरेप की घटना पर नाराज

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी पहुंचते ही शहर में हाल ही में हुई आपराधिक बलात्कार की घटना के बारे में वाराणसी के पुलिस आयुक्त, मंडल आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित उपाय लागू करने के निर्देश दिए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे के दौरान गैंगरेप मामले पर नाराज़गी जताई। एयरपोर्ट पर ही CP मोहित अग्रवाल से जानकारी लेकर उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आपको बता दें कि वाराणसी में एक छात्रा को अगवा कर 6 दिन तक नशे में रखा गया था। उसके साथ 23 लोगों ने गैंगरेप किया, जिसमें अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

## दिल्ली में दिनदहाड़े प्रोपर्टी डीलर की हत्या

### कार पर बरसाई 8 से 10 राउंड गोलियां



**दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में अपराधी बेलगाम हैं। शुक्रवार सुबह बदमाशों ने फॉर्च्यूनर कार सवार एक प्रोपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने 8 से 10 राउंड गोलियां चलाई। पुलिस घायल चालक को पास के अस्पताल में लेकर गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मरने वाले का प्रॉपर्टी डिलिंग का काम था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली में शुक्रवार को बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार वेस्ट थाना क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक नगर में बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार दलाल की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, वारदात को अंजाम देकर बदमाश आसानी से फरार हो गए.बताया गया कि प्रॉपर्टी डीलर फॉर्च्यूनर कार में बैठे थे। वह घर से जिम जा रहे थे।इसी दौरान बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## होटल में इंजीनियर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-27 स्थित एक होटल में रुके इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इंजीनियर अपनी प्रेमिका के साथ आया था। वह उसके साथ दो साल से लिवइन रिलेशनशिप में रह रहा था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मृतक जनपद हाथरस का रहने वाला बताया जाता है।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने बताया कि उमेश पुत्र पंकज उम्र करीब 38 वर्ष आईटी इंजीनियर थे। वह एक नामी

### प्रेमिका के साथ दो साल से था लिवइन में



कंपनी में काम करते थे। वह मूल रूप से जनपद हाथरस के रहने वाले थे। वह बीती रात को अपनी महिला मित्र के साथ सेक्टर-27 स्थित वेमसन होटल में आकर रुके। वहां पर दोनों ने खाना खाया। किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद हो गया। इसी बीच उमेश ने होटल के कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी आज सुबह को पुलिस को मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की प्रेमिका से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि दोनों दो वर्ष से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। दोनों स्वेच्छा से बीती रात को होटल में आकर रुके थे।

## नकली पाइप बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

### ब्रांडेड कंपनियों के बना रहे थे पाइप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अगर आप अपने घर में ब्रांडेड कंपनियों के बाथरूम पाइप फिटिंग करवा रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। जालसाज सुप्रीम, एस्ट्रल और फिनोलेक्स जैसी ब्रांडेड कंपनियों के नकली पाइप बाजार में बेच रहे हैं।

थाना कासना क्षेत्र में एक ऐसी फैक्ट्री का खुलासा हुआ है, जहां ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली पाइप बनाकर बाजार में सप्लाई किए जा रहे थे। पुलिस ने फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में नकली पाइप और उपकरण बरामद किए हैं।

पंजाब निवासी मनीष जिंदल, जो इंसिक्ट्स टीपीआर कंपनी में फील्ड मैनेजर हैं, ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी कंपनी को सुप्रीम इंडस्ट्रीज, एस्ट्रल लिमिटेड और फिनोलेक्स कंपनी ने नकली पाइप बनाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकृत किया है।

मनीष जिंदल ने बताया कि साइट-5, सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में इन कंपनियों के नाम से नकली सीवीसी प्लास्टिक पाइप बनाए जा रहे हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने फैक्ट्री पर छापा मारा। तलाशी के दौरान फैक्ट्री से सुप्रीम कंपनी के आठ बंडल, फिनोलेक्स के पांच बंडल और एस्ट्रल कंपनी के आठ बंडल पाइप, पाइप बनाने के उपकरण, पैकिंग सामग्री आदि बरामद की गई।

फैक्ट्री परिसर में मौजूद पार्थ कुमार गुप्ता से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि वह (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सड़क दुर्घटना में बिहार निवासी व्यक्ति की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-11 में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पड़ोसी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नेहरू गार्डन, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद निवासी रंजीत कुमार यादव, मूल रूप से जनपद छपरा, बिहार का रहने वाला था। 8 अप्रैल की रात वह किसी कार्य से नोएडा के सेक्टर-11 आया था। नेहरू इंटरनेशनल स्कूल के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में रंजीत कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे खोड़ा के अर्पण अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर उसे पहले नोएडा के जिला अस्पताल और फिर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ‘आतंकी तहव्वूर राणा को जल्द दी जाए फांसी’

### आतंकवाद विरोधी मोर्चा ने मोदी सरकार की कूटनीति को सराहा



**नोएडा (चेतना मंच)।** आतंकवाद विरोधी मोर्चा की एक बैठक सेक्टर-22 में संपन्न हुई। बैठक में मुंबई हमले के आरोपी तहव्वूर राणा को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अमेरिका से भारत लाने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक जीत बताया गया। मोर्चा पदाधिकारियों ने आरोपी राणा को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की।

मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पंडित ने कहा कि मुंबई हमले के आरोपी तहव्वूर राणा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष को मातृ शोक




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अतुल शर्मा एडवोकेट की माताजी श्रीमती सुधा शर्मा उम्र 65 वर्ष का आज उनके सूरजपुर स्थित आवास पर निधन हो गया। श्रीमती सुधा शर्मा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन की खबर सुनकर अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने दु:ख व्यक्त किया है और ईश्वर से प्रार्थना की है मृतक आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

## आतंकी तहव्वुर राणा को 14/14 की सेल में रखा, एनआईए ने शुरू की पूछताछ




**दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ष-2008 में 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत में हैं। एनआईए कोर्ट ने उसे 18 दिनों की कस्टडी में भेज दिया है। इस दौरान एनआईए मुंबई हमले से जुड़े तमाम पहलुओं पर पूछताछ कर रही है। इस बीच उस वक्त की एक तस्वीर सामने आई है, जब कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी मार्शलों ने मंगलवार को तहव्वुर राणा की हिरासत भारत के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों को सौंपी। इस दौरान राणा के हाथों व कमर तथा पैर में जंजीरें बंधी थीं।

तहव्वुर को एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने सेल में रखा गया है। इस कमरे के ठीक ऊपर तीसरे फ्लोर पर बने इंटोरेगेशन रूम में पूछताछ होगी। पूछताछ करने वाली टीम का नेतृत्व डीआईजी जया रॉय करेंगे। राणा को अमेरिका से भारत लाने में रॉय की बड़ी भूमिका रही है। इस पूछताछ की डेली रिपोर्ट मेंबर्स को भेजी जाएगी।

सेल में जमीन पर ही तहव्वुर के लिए बिस्तर लगाया गया है और भीतर ही बाथरूम की व्यवस्था है। यह सेल 14/14 की है. राणा को सेल के भीतर ही खाना और अन्य जरूरी सामान मुहैया कराया जाएगा।

इस सेल में मल्टीपल लेयर डिजिटल सिक्योरिटी है, जहां 24 घंटे गार्ड पहरा देंगे। सेल के भीतर एनआईए के टॉप 12 अधिकारियों को ही प्रवेश करने की मंजूरी दी गई है।

## प्रदेश में सरकार के 8 साल रहे बेमिसाल : मनोज गुप्ता

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के शासन में उत्तर प्रदेश ने विकास की नायाब इबारत लिखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की झड़ी लगा दी है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा नोएडा महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता का।



भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने एक बातचीत के दौरान कहा कि पिछले 8 वर्षों के दौन सभी क्षेत्रों में सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस दौरान कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के अलावा प्रदेश में विकास की गंगा बहाई गई है। भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था के मामलें में मुख्यमंत्री योगी की जीरो टोलरेंस नीति किसी से छिपी नहीं है।

मनोज गुप्ता ने कहा कि नोएडा समेत समूचे गौतमबुद्धनगर में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। उद्योग तथा कारोबार के अलावा कानून व्यवस्था में खासी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि 8 वर्षों में योगी जी के 8 साल बेमिसाल रहे हैं।

ADMISSION OPEN
SARASWATI GLOBAL SCHOOL
NCERT BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

## आर्थिक अस्थिरता

अमेरिका के टैरिफ युद्ध से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच केंद्रीय बैंक ने सावधानी के फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। शेयर बाजारों के ध्वस्त होने के बाद आर्थिक मंदी की आहट अमेरिका समेत पूरी दुनिया में महसूस की जा रही है। वैश्विक प्रतिकूलताओं के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा हाल ही में दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती अनिश्चितता के बीच सावधानी का ही संकेत है। केंद्रीय बैंक ने अब रेपो दर 6.25 से घटाकर 6 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस साल यह दूसरी बार कटौती है। जबकि पहली कटौती पांच साल बाद की गई थी। यह कदम वैश्विक अस्थिरता के प्रति रिजर्व बैंक की चिंता को ही दर्शाता है। निश्चित रूप से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति द्वारा समायोजन के साथ बदलती प्राथमिकताओं का संकेत दिया है। अब बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति के बजाय विकास को गति देना है। निर्विवाद रूप से केंद्रीय बैंक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका से उपजे व्यापार तनाव और टैरिफ संकट के बीच आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है। ये हालात घरेलू स्तर पर खपत में कमी करके मंदी की आशंका बढ़ा सकते हैं। साथ ही विकास में निजी निवेश की संभावनाओं पर भी भारी पड़ सकते हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को संशोधित करके 6.5 फीसदी कर दिया है। जो आने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर पैदा होने वाली चिंताओं को ही रेखांकित करता है। निश्चित रूप से यह फैसला आवास और ऑटो ऋण ले चुके लोगों के लिये राहत भरी खबर है क्योंकि रेपो रेट घटने पर ऋण लेने वालों की ईएमआई घट सकती है। साथ ही यह कदम नये ऋण लेने वाले लोगों को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को गति मिलने की संभावना भी बढ़ गई है। हालांकि, उन लोगों को कुछ निराशा हो सकती है जो बैंकों में सावधि जमा राशि के जरिये जीवनयापन करते हैं। ऐसे में ब्याज दरों में गिरावट से उनका वास्तविक रिटर्न कम हो सकता है। फलतः निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये नई रणनीति बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेपो दरों में कटौती मौद्रिक अनुशासन का एक जरूरी उपकरण है, लेकिन ये अंतिम रामबाण उपचार भी नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति के दबाव व मुद्रा अस्थिरता के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए। जिससे महंगाई बने रहने की चिंता भी पैदा हो सकती है। जरूरी है कि केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती का लाभ बैंक यथाशीघ्र अपने ऋण लेने वाले ग्राहकों को प्रदान करें। बहरहाल, दरों की यह कटौती केंद्रीय बैंक की विकास को गति देने की मंशा को ही जाहिर करती है। लेकिन यह कदम तभी प्रभावकारी हो सकता है जब राजकोषीय उपायों और संरचनात्मक सुधारों को गति प्रदान की जाए। बहरहाल, आम आदमी के लिये यह सुखद है कि उसकी ईएमआई कम हो जाएगी। साथ ही नये लोन भी सस्ते होंगे। जिससे हाउसिंग क्षेत्र में डिमांड बढ़ेगी। साथ ही लोग रियल एस्टेट में अधिक निवेश कर सकेंगे। निश्चित रूप से इस कदम से रियल एस्टेट सेक्टर को नई ताकत मिलेगी। वहीं उद्योग जगत ने भी केंद्रीय बैंक के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की मांग करता रहा है, जबकि केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की बनी रही थी। बहरहाल, केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में मुद्रा के प्रवाह को बढ़ाने का मन बना लिया है। यह तार्किक ही कि आर्थिक प्रतिकूलताओं के बीच मंदी के प्रभाव को टालने के लिये अर्थव्यवस्था में मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने का सहारा लिया जाए। केंद्रीय बैंक को अहसास है कि टैरिफ टकराव से घरेलू विकास दर प्रभावित हो सकती है। साथ ही निर्यात पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ऐसे में सकारात्मक स्थिति यह है कि दुनिया में कच्चे तेल के दामों में गिरावट आई है, जिससे सरकार को महंगाई को काबू में रखने में मदद मिल सकती है।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट



**इस बार बढ़ती गर्मी के पुराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी।**

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषत: गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।

इस बार बढ़ती गर्मी के पुराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षत: कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है।

प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से 'तीसरा ध्रुव' कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा।

दुनियाभर में कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी अनेक संकटों की दस्तक है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगहों पर धारा 144 लागू करना इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि घर में रहते बुढ़ापा आ गया, परन्तु विषयों से वैराग्य नहीं होता ( इस बात को सोचकर ) उनके मन में बड़ा दु:ख हुआ कि श्री हरि की भक्ति बिना जन्म यों ही चला गया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बरबस राज सुतहि तब दीन्हा। नारि समेत गवन बन कीन्हा॥**
**तीरथ बर नैमिष बिख्याता। अति पुनीत साधक सिधि दाता॥**

तब मनुजी ने अपने पुत्र को जबर्दस्ती राज्य देकर स्वयं स्त्री सहित वन को गमन किया। अत्यन्त पवित्र और साधकों को सिद्धि देने वाला तीर्थों में श्रेष्ठ नैमिषारण्य प्रसिद्ध है॥

**बसहिं तहाँ मुनि सिद्ध समाजा। तहँ हियँ हरषि चलेउ मनु राजा॥**
**पंथ जात सोहहिं मतिधीरा। ग्यान भगति जनु धरें सरीरा॥**

वहाँ मुनियों और सिद्धों के समूह बसते हैं। राजा मनु हृदय में हर्षित होकर वहीं चले। वे धीर बुद्धि वाले राजा-रानी मार्ग में जाते हुए ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानों ज्ञान और भक्ति ही शरीर धारण किए जा रहे हों॥

**पहुँचे जाइ धेनुमति तीरा। हरषि नहाने निरमल नीरा॥**
**आए मिलन सिद्ध मुनि ग्यानी। धरम धुरंधर नृपरिषि जानी॥**

(चलते-चलते) वे गोमती के किनारे जा पहुँचे। हर्षित होकर उन्होंने निर्मल जल में स्नान किया। उनको धर्मधुरंधर राजर्षि जानकर सिद्ध और ज्ञानी मुनि उनसे मिलने आए॥

(क्रमश:...)

## जीवत मरिए, भवजल तरिए

हमारे जीवन में कशमकश का एक ही कारण है, और वह कारण है हमारा अल्हड़ मन। हमारा मन एक तालाब की तरह है। इसमें उठने वाली तरंगें ही हमसे अपना मनचाहा करवा लेती हैं। मन में उठने वाली तरंगों का स्रोत हमारी बाह्य इंद्रियां हैं। हमने कुछ देखा, पढ़ा, सुना और मन में एक विचार बना, हमने उस पर ध्यान फोकस किया, जैसे ही हमने उस पर ध्यान फोकस किया वह मानो ऐसा हुआ जैसे किसी तालाब में किसी ने पत्थर फेंक दिया और उसके प्रतिक्रिया स्वरूप उस तालाब में कई-कई तरंगें उठने लगीं, और उन तरंगों का विस्तार होता चला गया। हमारे विचारों का भी यही हाल है। यदि हम किसी विचार पर ध्यान फोकस करते हैं तो वह तरंगों की तरह विस्तार पा लेता है। सिर्फ एक विचार मन में आया और जैसे ही हमने उस पर फोकस किया, उससे जुड़े कई और विचार, कई और कल्पनाएं उमड़-उमड़ कर आने लग गईं और विचारों का एक पूरा जाल बन गया। वह विचार एक इच्छा बन गया, एक चाह बन गया और अगर चाह पूरी हो गई, सपना साकार हो गया, तो हम खुश हो गए, पर कुछ ही दिनों में जब हम उसके आदी हो गए तो किसी अगली इच्छा, अगली चाह पर ध्यान फोकस हो गया, इच्छाओं का यह चक्र असीमित है, चलता ही रहता है, और हर एक इच्छा के बाद एक नई इच्छा का जन्म हो जाता है। हर नई इच्छा की पूर्ति के लिए हम कोशिशें करते हैं और जीवन भर एक अनंत चूहा दौड़ के चक्रव्यूह में फंसे रहते हैं। जब तक इच्छा पूरी नहीं होती, हम खुश नहीं होते, क्योंकि इच्छा का, चाह का मतलब ही यह है कि हम कुछ ऐसा चाहते हैं जो अभी हमारे पास नहीं है। इच्छा का मतलब ही यह है कि हम में कोई कमी है, और इस कमी को दूर किए बिना हम संतुष्ट नहीं रह सकते, खुश नहीं रह सकते।

इसके विपरीत अगर कोई इच्छा पूरी नहीं हो पा रही तब तो असंतुष्टि का, बेचैनी का, दुख का हिसाब ही मुश्किल है। इच्छा या चाह ही वह कारण है जो हमें जीवन भर दुखी बनाए रखता है। हम यह भी जानते हैं कि जन्म हुआ है तो मृत्यु निश्चित है। जो भी जन्मा है, वह नष्ट होगा ही। कुछ और निश्चित हो न हो, मृत्यु तो निश्चित है ही। हमारे जान-पहचान में अगर किसी व्यक्ति का स्वर्गवास हो जाए और हम उनकी शव यात्रा में शामिल हों, शमशान तक जाएं तो वहां अक्सर हमें जीवन की निस्सारता का भान होता है, तब यह भाव मन में आता है कि जीवन क्षणभंगुर है और हम में अध्यात्म का जागरण होता है, लेकिन जैसे ही हम वापस घर आते हैं तो दुनियादारी के अपने कामों में मशगूल होकर वे सारे भाव भूल जाते हैं। फिर वही रुटीन, वही झूठ, वही फरेब, वही दिखावा, वही गुस्सा, वही जलन, वही शिकायतें, सब की सब हमारे जीवन में वैसे ही लौट आती हैं, जैसे पहले थीं। शमशान में पहुंच कर जो भाव आए थे, वे बहुत कमजोर थे और जल्दी ही हमने उन्हें भुला दिया। इच्छाओं का जाल और जीवन की निस्सारता को जानते-समझते हुए भी हम गाफिल बने रहते हैं और यह मान कर चलते हैं कि वह क्षण कभी आएगा ही नहीं, जब हम इस दुनिया में नहीं रहेंगे। हम उस क्षण को देखना ही नहीं चाहते। मृत्यु का केवल विचार ही एक ऐसा अनुभव है जो अत्यंत कष्टदायी है, दुखदायी है और हम इसका सामना करने को जरा भी तैयार नहीं हैं। मृत्यु एक अटल सत्य है, लेकिन इसके जरा से स्मरण और आहट मात्र से ही हम भयभीत हो जाते हैं, ऊहापोह की स्थिति में आ जाते हैं, विचलित हो जाते हैं, जबकि सिद्ध पुरुषों, योगियों और संतों ने कहा है कि जो मृत्यु को जान लेता है, उसके लिए मृत्यु नृत्य है, उत्सव है, आनंद है और काल उसका दास हो जाता है। ध्यान, धारणा और समाधि के प्रति सजग होकर योगीजन मृत्यु की अनुभूति कर लेते हैं।

यही मुक्ति का मार्ग है। सहज समाधि की स्थिति को पाने के लिए जिन शुरुआती साधनों का सहारा लिया जाता है उनमें शामिल हैं श्वास पर ध्यान, मौन की साधना, सजग आत्मचिंतन, व्रत और सत्संग। सांसों पर ध्यान देकर, मौन की साधना करके, एकांतवास में आत्मचिंतन द्वारा, व्रत-उपवास व ज्ञानी जनों की संगत में रहकर निरंतर प्रयत्न करते हुए हम सहज समाधि की स्थिति में जाने का अभ्यास कर सकते हैं। सहज संन्यास मिशन के तत्वावधान में जब हम इन साधनों का उपयोग करते हुए आगे बढना सीखते हैं तो हमें बार-बार समझाया जाता है कि यह एक दिन या कुछ दिन का काम नहीं है। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जैसे हमें हर रोज पौष्टिक भोजन और व्यायाम की आवश्यकता होती है, वैसे ही मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी निरंतर प्रयत्न और अभ्यास आवश्यक हैं। धीरे-धीरे वह स्थिति आ जाती है जब मृत्यु हमें डराती नहीं, जब हम समाधि में जाकर शरीर से अलग होकर प्रकाशपुंज बन जाते हैं और अपनी इच्छा से शरीर में फिर वापस आ जाने के काबिल हो जाते हैं तो हम जीवन, मृत्यु, संसार और अध्यात्म का सार जान लेते हैं और फिर मृत्यु एक डरावना सच न होकर हमारे लिए बस एक आनंददायक घटना बनकर रह जाती है। तब मृत्यु एक अनुपम, अलौकिक और रोमांचकारी अनुभव बन जाती है।

मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण अथवा कैवल्य कही जाने वाली यही वह स्थिति है जब हम जिंदा होते हुए भी मृत्यु के पार का सच जान लेते हैं और जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष पा लेते हैं। इस मामले में एक सामान्य व्यक्ति और किसी सिद्ध योगी के अनुभव के अंतर को समझना हो तो हम कह सकते हैं कि जब हम गहरी नींद में आराम कर रहे होते हैं तो उस स्थिति में भी हमारा मन और चित्त जागृत रहकर सजग रहते हैं तथा जीवात्मा शरीर से निकल कर मन के साथ भ्रमण करती है। सामान्य भाषा में तब हम स्वप्न की स्थिति में होते हैं, सपना देख रहे होते हैं, पर स्वप्न में जो कुछ होता है, हम उसे नियंत्रित नहीं कर सकते, बदलना चाहें तो भी बदल नहीं सकते। सपने में जो चल रहा है, हम सिर्फ उसके साक्षी हो सकते हैं और अधिकांश स्वप्न तो हमें याद भी नहीं रह पाते। इसके विपरीत समाधि की अवस्था में रहते हुए कोई योगी पूर्णतः जाग्रत होता है। समाधि का हर अनुभव उसे ज्ञात होता है, यह बात अलग है कि बहुत से दिव्य अनुभव ऐसे होते हैं जिन्हें शब्दों में बयान कर पाना संभव ही नहीं है। अपने विचारों के प्रति जागृत रहकर, अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करके हम यह जीवन में भी मृत्यु के पार के अनुभव का लक्ष्य पा सकते हैं। इसी स्थिति को गुरुओं ने 'जीवत मरिए, भवजल तरिए' की उपमा दी है। इसे ही पाना हमारा परम लक्ष्य है।

**-स्पिरिचुअल हीलर**
**सिद्ध गुरु प्रमोद निर्वाण, गिन्नीज विश्व रिकार्ड विजेता लेखक**

## राशिफल

**चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# योगी सरकार के 8 सालः भाजयुमो की बाइक रैली में उमड़ा युवाओं का सैलाब



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रदेश में योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा युवा मोर्चा गौतमबुद्ध नगर द्वारा दादरी विधानसभा में बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरुण गोयल, दादरी नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राज नागर ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाइक रैली के कार्यक्रम में ही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा का वहां की जनता ने फूलमाला व बुके देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। बाइक रैली का शुभारंभ जारचा मंडल के गांव कलौंदा से होते हुए लगभग दर्जनों गांव होते इस बाईक रैली का समापन एनटीपीसी में महाराणा प्रताप जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता का आभार जताते हुए स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे पार्टी के 14 अप्रैल तक के सभी आयामों में जुड़ जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। यही कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। यही वे लोग हैं जो संगठन की विचारधारा को आम जनमानस से जोड़ते हैं। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने बताया देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत 8 वर्षों में प्रदेश को भयमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त, विकासयुक्त और सशक्त उत्तर प्रदेश की दिशा में अग्रसर किया है। चाहे वह कानून-व्यवस्था हो, सड़कें हों, शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश या रोजगार, हर क्षेत्र में प्रदेश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम ने कहा कि रैली में युवाओं का जोश, उत्साह और सरकार के प्रति समर्थन देखने योग्य है, इस रैली के सफल आयोजन के लिए भाजयुमो के समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सहभागी युवाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरुण गोयल ने बताया रैली का मुख्य उद्देश्य योगी सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाना और सरकार एक संगठन के प्रति आभार व्यक्त करना है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राज नागर ने दादरी विधानसभा बाइक रैली को सफल बनाने में रैली के संयोजक व जिला मंत्री ठाकुर बृजेश सिंह व उनकी युवा टीम का विशेष योगदान रहा है। युवा कार्यकर्ताओं ने बड़ी उत्साह से इस बाइक रैली में भाग लिया। रास्ते में कई गांवों में बाइक रैली पर पुष्प वर्षा कर व माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। बाइक रैली में जिला महामंत्री भाजपा मनोज गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्या, पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र भाटी, जारचा मंडल अध्यक्ष धीर राणा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल पुंडीर, वरिष्ठ नेता अजीत मुखिया, देवेंद्र त्यागी, एच के शर्मा, सोमेश त्यागी, विनोद शर्मा, जिला महामंत्री युवा मोर्चा ठाकुर शक्ति सिंह, चेतन वशिष्ठ, जिला मंत्री बालेश्वर नागर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ऋषभराज शर्मा, आशु कौशिक, पंकज अग्रवाल आदि पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## समुदाय विशेष के युवक पर हमला, पीड़ित अस्पताल में भर्ती

नोएडा सलारपुर में समुदाय विशेष के दर्जनों लोगों ने मिलकर दूसरे सामुदाय को बूरी तरह मारा गया है। पीड़ित सेक्टर-33 प्रकाश हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर हालत गंभीर है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस चौकी और थाना फेस टू के चक्कर पीडित काट रहे हैं। पीडित का आरोप है कि पुलिस ने मोटा पैसा खाया है।



## सूरजपुर में प्राचीनकालीन ऐतिहासिक बाराही मेला हवन यज्ञ और ध्वाजारोहण के साथ शुरू



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर में हर वर्ष की भांति इस बार भी ऐतिहासिक और प्राचीनकालीन बाराही मेला-2025 का शुभारंभ कल पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। प्रात: 10 बजे यज्ञ-हवन के साथ मेले की शुरुआत हुई, जिसे आचार्य सुमित शुक्ला द्वारा संपन्न कराया गया। सांय 4 बजे शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान, महामंत्री ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल और मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना से होगी, जो प्राचीन मंच पर प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले की खास बात यह रही कि प्राचीन चौपाल पर सबसे बड़ी खाट, हुक्का, रई, पीढ़ा और बैलगाड़ी जैसी कृषि आधारित पारंपरिक वस्तुएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

राजस्थान से आए कच्ची घोड़ी, बीन पार्टी और नंगाड़ा पार्टी के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी मेले में ग्रामीण संस्कृति की अलग ही छटा बिखेरी।

शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी ने कहा कि इस ऐतिहासिक मेले के माध्यम से पूरे क्षेत्र में ग्रामीण संस्कृति की अलख जाग उठी है। मेले का आयोजन 12 दिन तक चलेगा, यानी 22 अप्रैल 2025 तक। इस दौरान राजस्थान और हरियाणा के गीत-संगीत, लोक संस्कृति मंच और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा।

महामंत्री ओमवीर बैंसला ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए कठपुतली शो, नट कला, मौत का कुआं, सर्कस, जादूगर शो और झूले लगाए गए हैं। वहीं, 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से 101 रुपए से लेकर 1,01,000 रुपए तक के पुरस्कारों के लिए दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से आए पहलवान अपनी मल्ल कला का प्रदर्शन करेंगे।

कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल ने बताया कि मेले के शुभारंभ के साथ ही चमत्कारिक सरोवर में स्नान करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। मान्यता है कि इस सरोवर में स्नान करने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है, जो मां बाराही की कृपा का परिणाम है।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल को शाम 5 बजे से शेख चिल्ली और रूखसाना एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा हास्य और रागनियों से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर शिव मंदिर बाराही मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान, महामंत्री ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ठेकेदार, उपाध्यक्ष सुनील देवधर, उपाध्यक्ष विनोद कौंडली, उपाध्यक्ष अनिल भाटी, सहसचिव विनोद सिकंद्राबादी आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कंपनी पर चल रहा धरना मजदूरोंने बनाई रणनीति

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ एवं अन्य श्रम समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कांन्ट्रेक्ट लेबर इम्पलाईज यूनियन सीटू के बैनर तले 17 मार्च 2025 से अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दादरी यूनिट एनटीपीसी रोड धूम मानिकपुर/ बढ़पुरा ग्रेटर नोएडा पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया जो आज 10 अप्रैल 2025 को 24 वें दिन भी जारी रहा।




वही संघर्ष को तेज करने के लिए कर्मचारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति जिसके तहत 21 अप्रैल 2025 से श्रमिक विरोध स्वरूप संस्थान में काली पट्टी बांधकर उत्पादन कार्य करेंगे। तथा 22 अप्रैल 2025 को कंपनी के समक्ष चल रहे धरना स्थल पर एक बड़ी आमसभा आयोजित की जाएगी जिसे सीटू जिला कमेटी व दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी और विभिन्न यूनियनों, किसान सभा, जनवादी महिला समिति के पदाधिकारी भी हिस्सा लेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। और 24 से 26 अप्रैल 2025 को तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी।

साथ ही बैठक में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 20 मई 2025 को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक व धरने को सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर ने संबोधित किया। और अपने संबोधन में उन्होंने प्रबंधकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी समय है कर्मचारियों से बातचीत कर समस्याओं का सम्मानजनक समझौता कर लें अन्यथा आंदोलन को तेज किया जाएगा और 24 से 26 अप्रैल 2025 को 3 दिन की हड़ताल के दौरान कंपनी का उत्पादन कार्य पूर्ण रूप से ठप कर दिया जाएगा इसके लिए कंपनी प्रबंधन पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

## भाजपा का गांव चलो अभियान कार्यक्रम आयोजित



**भदोही /ज्ञानपुर ।** जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी के दिशा निर्देशन में गांव चलो अभियान में प्रवासी गोवर्धन राय जिला मीडिया प्रभारी तथा पूर्व आपदा प्रबंधन सेवाएं विभाग काशी क्षेत्र मंडल चौरी में मंडल अध्यक्ष संजय सरोज संयोजक निहाला सरोज के नेतृत्व में साथ बभी बूथो पर तथा शक्ति केंद्र जगदीशपुर और कधीया में अभियान चलाते हुए जन-जन तक पहुंचाने का काम किया पात्र व्यक्ति लाभार्थियों से मुलाकात किया पार्टी के नीति रीतियों को बताने का काम किया भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत के तहत काम कर रही है 2047 तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार रहेगी तमाम जनता जनमानस का सहयोग पार्टी के साथ है। इस अवसर पर विजय विश्वकर्मा मनोज दुबे आरती विश्वकर्मा समूह रविंद्र विश्वकर्मा नंदलाल विश्वकर्मा मनोहर विश्वकर्मा छेदीलाल विश्वकर्मा अमित मौर्य स्वामीनाथ मौर्य इमरान खान जुबेर अहमद रजनीश मौर्य योगेश मौर्य प्रहलाद मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पेटी अंग्रेज़ी शराब बरामद हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम कस्बा चौकी क्षेत्र में मोजर बेयर गोल चक्कर के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एलजी गोल चक्कर की सर्विस रोड पर रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ खड़ा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारकर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक पेटी अंग्रेज़ी शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजू पुत्र नंदराम, निवासी जालौन बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ती दरों पर शराब लाकर महंगे दामों पर बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## सूरजपुर में गांजा तस्कर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम कस्बा चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कैफ़ पुत्र वसीम, निवासी जनपद बुलंदशहर बताया। उसने बताया कि वह दिल्ली से एक व्यक्ति से गांजा लेकर आता था और उसे नशे के आदी लोगों को बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सड़क दुर्घटना में बिहार....**

इस संबंध में मृतक के पड़ोसी अनिल कुमार यादव ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

**'आतंकी तहव्वूर राणा...**

को जल्द से जल्द फांसी पर लटकाया जाना चाहिए, ताकि कोई और आतंकी संगठन ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने राणा के अन्य साथियों की भी जांच कर उन्हें कानून के शिकंजे में लाने की मांग की।

मोर्चा के प्रदेश संयोजक गुलशन शर्मा ने कहा कि बेगुनाहों को मारने वाले मानवता के दुश्मनों का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को शीघ्र फांसी दी जानी चाहिए। बैठक में बड़ी संख्या में आतंकवाद विरोधी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने सरकार की इस कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**नकली पाइप बनाने वाली...**

किसी भी ब्रांडेड कंपनी के लिए अधिकृत नहीं है और फैक्ट्री में नकली पाइप बनाए जाते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मनीष जिंदल की शिकायत पर पार्थ गुप्ता के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

**दिल्ली में दिनदहाड़े...**

उधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी हत्या का कारण सामने नहीं आ सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही हत्या की वजह सामने आएगी।

वहीं दूसरी तरफ बीते रात दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके गोलीबारी हुई। पुलिस के मुताबिक कल रात करीब 10 बजे थाना दयालपुर में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत गली नंबर 15, मुस्तफाबाद में पहुंची।

**काशी विकास और...**

बनारस के लोगों को पूर्वांचल के लोगों को मैं ढेर सारी बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा सामाजिक चेतना के प्रति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारी शक्ति के ही आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए संकल्पित रहे। उनके विचारों को, उनके संकल्पना को नारी सशक्तिकरण के उनके आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। नई ऊर्जा दे रहे हैं।

पीएम ने कहा साथियों आज मैं एक बात और भी कहना चाहूंगा। महात्मा फुले जी जैसे त्यागी तपस्वी महापुरुषों के प्रेरणा से ही देश सेवा का हमारा मंत्र रहा है। सबका साथ सबका विकास हम देश के लिए उसे विचार को लेकर के चलते हैं। जिसका समर्पित भाव है सबका साथ सबका विकास। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल- खेलते रहते हैं उनके सिद्धांत हैं परिवार का साथ परिवार का विकास। आज मैं सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में पूर्वांचल के पशुपालक परिवारों को विशेष रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। यह पहले आप पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं। थोड़ी देर पहले उत्तर प्रदेश के बनास डेरी प्लांट से जुड़े सभी पशुपालक साथियों को बोनस वितरित किया गया है। 100 करोड़ रुपये से ज्यादा आपके पसीने का आपका परिश्रम का तोहफा है।

## बीमा की रकम हड़पने के लिए आरोपी पुत्र को नहीं मिली जमानत

**ग्रेटर नोएडा।** जिला अदालत ने पिता की हत्या कर 50 लाख रुपये की जीवन बीमा पॉलिसी हड़पने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सभी तथ्यों पर गौर करने के बाद न्यायालय ने कहा कि इस गंभीर अपराध में आरोपी को जमानत देने का कोई उचित आधार नहीं है।बिहार किशनगंज गांव बोहरा के संतोष बोसक पर अपने पिता प्रकाश की हत्या करने का आरोप है। आरोपी ने खुद ही इस घटना की एफआईआर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ दर्ज करवाई थी। घटना 8 अगस्त 2024 की रात करीब 11.40 बजे की बताई गई थी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह और उनके पिता ट्रेन से डगजौर स्टेशन पहुंचे थे और वहां से पैदल घर लौट रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। जिससे वह भाग गया और बाद में गांव वालों के साथ अपने पिता को लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि पुलिस जांच में यह कहानी संदिग्ध पाई गई थी। हालांकि गवाहों ने बताया कि संतोष ने स्वयं स्वीकार किया था कि उसने ही अपने पिता की हत्या की है। इन बयानों और परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने मामले को गंभीर प्रकृति का बताया। आरोपी की ओर से यह दलील दी गई कि वह निर्दोष है और पुलिस ने गलत व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी द्वारा अपने पिता की हत्या की गई है। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी की जमानत खारिज की है।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### मारुति सुजुकी की गाड़ियों के 62,000 तक बढे भाव

मुंबई। देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने घोषणा की कि वह 8 अप्रैल से अपनी विभिन्न कारों की कीमतों में 2,500 से 62,000 रुपए तक बढ़ाएगी। कंपनी ने बताया कि यह बढ़ोतरी बढ़ती इनपुट लागत, संचालन खर्च, नियामक बदलाव और फीचर्स के अपग्रेड के कारण की जा रही है। हालांकि, कंपनी लागत को कम करने और ग्राहकों पर कम असर डालने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन बढ़ती लागत का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डालना आवश्यक हो गया है। इन वाहनों के बढ़ सकते हैं भाव-कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रोंक्स की कीमत में 2,500 की बढ़ोतरी, डिजायर टूर एस की कीमत 3,000 बढ़ेगी। एमपीवी एक्सएल6 और एर्टिगा की कीमत 12,500 बढ़ेगी। वेगन आर की कीमत 14,000, ईको वैन की कीमत में 22,500 का इजाफा और एसयूवी ग्रेंडविटारा की कीमत 62,000 तक बढ़ेगी।

### आरईए इंडिया के सीईओ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्लासीफाइड प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम की मूल कंपनी आरईए इंडिया के सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को एक बयान में ऑस्ट्रेलिया के आरईए ग्रुप ने कहा कि ध्रुव ने 14 साल तक कारोबार में रहने के बाद आरईए के सीईओ पद से हटने का फैसला किया है। ध्रुव अग्रवाल अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति में सहयोग करेंगे। वे जाने से पहले एक सहज नेतृत्व परिवर्तन सुनिश्चित करने में कंपनी की हरसंभव सहायता करेंगे। नए सीईओ की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया चल रही है। आरईए इंडिया के पास रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम का स्वामित्व है। ध्रुव ने 2011 में प्रॉपटाइगर की सह-स्थापना की थी। इससे पहले 2017 में इसके शुरूआती निवेश के बाद 2020 में आरईए ग्रुप ने इसमें नियंत्रण हासिल कर लिया था। उन्होंने हाउसिंग डॉट कॉम के सफल अधिग्रहण का नेतृत्व किया और इस प्लेटफॉर्म के एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाई।

### ट्रंप के टैरिफ से और महंगा होगा सोना

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ की वजह से जहां दुनियाभर के शेयर बाजार और कंपनियों में मायूसी है। वहीं सरार्फा बाजार में रौनक है, क्योंकि ग्लोबल ट्रेड वॉर गहराने की आशंका से सुरक्षित निवेश के नजरिये से सोने की कीमतें उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार टैरिफ की घोषणा के बाद सोने की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू सकता है। दरअसल, बैंक ऑफ अमेरिका ने गोल्ड पर अपना टारगेट प्राइस बढ़ा दिया है। वहीं कई विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें आने वाले कुछ महीनों में 3500 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है। अगर वैश्विक विशेषज्ञों की मानें तो भारतीय बाजार में सोने का भाव 99000 से 99500 के स्तर तक जा सकता है।

### भारत में 730एमएएच बैटरी वाले दो स्मार्टफोन होंगे लॉन्च

नई दिल्ली। पहली बार भारत में 730एमएएच बैटरी वाले दो स्मार्टफोन लॉन्च किए जाएंगे, जिससे यूजर्स को जबरदस्त बैटरी बैकअप मिलेगा। सैमसंग का गैलेक्सी एस25 एग्ज इस साल का बहुप्रतीक्षित फ्लैगशिप फोन माना जा रहा है। अप्रैल 2025 में भारतीय स्मार्टफोन बाजार में कई नए डिवाइस दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इस महीने सैमसंग, मोटोरोला, वीवो,आईक्यू, पोको और रियलमी जैसे ब्रांड्स अपने नए स्मार्टफोन पेश करने जा रहे हैं। इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर, 2के डिस्प्ले, 200एमपी कैमरा और टाइटेनियम फ्रेम मिलेगा। वहीं, मोटोरोला एग्ज 60 फुजन मीडियाटेक डायमेंसिटी 7400 प्रोसेसर, 4500नीटस ब्राइटनेस वाली कर्व्ड ओलेड डिस्प्ले और 50एमपी ट्रिपल कैमरा सेटअप के साथ आएगा। वीवो टी 4 5जी और आईक्यू झेड10 स्मार्टफोन अपनी 7300एमएएच बैटरी और 90वॉट फास्ट चार्जिंग के चलते सुर्खियों में हैं।

# ट्रंप के टैरिफ के प्रभाव का अध्ययन करेगा भारत : वित्त राज्य मंत्री




एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत पारस्परिक टैरिफ वृद्धि और देश पर इसके प्रभाव का आकलन कर रहा है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आईआईएम, अहमदाबाद के सहयोग से आयोजित 'प्रथम अंतरराष्ट्रीय पेंशन शोध सम्मेलन' में कहा कि भारत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव की समीक्षा और आकलन करेगा। पंकज चौधरी ने कहा कि ट्रंप के लिए यह अमेरिका पहले है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह भारत पहले है। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका द्वारा लगाए गए पारस्परिक शुल्कों के प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका की शुल्क बढ़ोतरी और देश पर इसके प्रभाव का आकलन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्कों का मुकाबला करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है।

## ट्रंप की टैरिफ घोषणा के बाद एक्शन मोड में सरकार



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम ने दुनिया भर के बाजारों में हड़कंप की स्थिति बना दी है। टैरिफ का ऐलान होने के बाद से ही भारत सरकार भी एक्शन मोड में आ गई है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ के कारण अलग-अलग सेक्टर्स पर पड़ने वाले निगेटिव इफेक्ट को कम करने के लिए भारत सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के साथ भारतीय उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी इससे भारतीय उद्योगों पर पड़ने वाले असर की समीक्षा में जुट गए हैं। केंद्र सरकार ने टैरिफ की समीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया है। कंट्रोल रूम में अलग-अलग मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया है, जो टैरिफ के असर का अध्ययन करने के बाद उससे निपटने के उपायों पर प्रस्ताव पेश करेंगे। बताया जा रहा है कि शुरूआती समीक्षा में इस बात की भी संभावना व्यक्त की गई है कि अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी के कारण कुछ सेक्टर्स को नुकसान जरूर होगा, लेकिन कुछ सेक्टर ग्लोबल ट्रेड के लिहाज से फायदे में रह सकते हैं। टैरिफ का भारत पर पड़ने वाले असर का समग्र अध्ययन करने के लिए अलग-अलग देश पर लगाए गए टैरिफ की समीक्षा की जा रही है। इसके आधार पर इस बात का आकलन किया जाएगा कि किस सेक्टर से होने वाले निर्यात पर कम या ज्यादा असर पड़ेगा। अमेरिका ने भारत समेत 180 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। 180 देशों की इस सूची में कई देशों पर भारत से काफी अधिक टैरिफ लगाया गया है, वहीं कई देशों को 10 प्रतिशत टैरिफ के दायरे में रखा गया है। हालांकि न्यूनतम 10 प्रतिशत टैरिफ दायरे में रहने वाले देश अमेरिकी उत्पादों पर भी 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाते हैं। जानकारों का कहना है कि भारत को अमेरिका की ओर से टैरिफ में रियायत मिलने की भी उम्मीद है।

## बीमा एजेंट डिजिटल मोटर बीमा को आगे बढ़ा रहे हैं



रांची। भारत में मोटर बीमा उद्योग ने पिछले कुछ सालों में काफी महत्वपूर्ण विकास किया है। इस क्षेत्र में आई तेजी का श्रेय ग्राहकों की विकसित होती अपेक्षाओं, डिजिटल एडॉप्शन, और ज्यादा लचीली नीतियों की मांग को जाता है। शहरों और अर्द्धशहरी इलाकों में वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ पॉलिसीधारक अपने लिए अनुकूलित कवरेज चाहते हैं ताकि उन्हें बेहतर वित्तीय सुरक्षा प्राप्त हो सके। यह जागरुकता लाने में पीओएसपी (पॉइंट ऑफ सेल्स पर्सन) बीमा एजेंट पार्टनर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है, जो ग्राहकों को उनकी विशेष जरूरतों के अनुरूप विस्तृत बीमा समाधानों के बारे में शिक्षित करते हैं। पीओएसपी एजेंट पार्टनर आवश्यक एड-ऑन्स की जागरुकता बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं, ताकि ग्राहक अपना कवरेज बढ़ाने के लिए सूचित निर्णय ले सकें। सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यक एड-ऑन पीबीपार्टनर्स में नेशनल सेल्स हेड, मोटर बीयू, अमित भदौरिया ने कहा, वाहन मालिकों के लिए सबसे आवश्यक एड-ऑन्स में से एक जीरो डेप्रिसिएशन कवर है। इसके अंतर्गत पॉलिसीधारकों को क्षतिग्रस्त पार्ट के लिए डेप्रिसिएशन के बिना रिप्लेसिंग या रिपेयरिंग की पूरी लागत मिलती है। इसलिए वाहनमालिकों को अपनी जेब से कम खर्च करना पड़ता है, तथा दुर्घटना की स्थिति में उन्हें बेहतर वित्तीय सुरक्षा मिलती है।

# भारत के कृषि निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का कम होगा असर : अर्थशास्त्री

▶ भारत इस मुश्किल समय में भी अच्छे रिश्ते बनाए रखने की क्षमता रखता है



एजेंसी

नई दिल्ली। कृषि अर्थशास्त्री बताते हैं कि भारत को अमेरिका के नए शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उनके अनुसार भारत इस मुश्किल समय में भी अच्छे रिश्ते बनाए रखने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ सापेक्ष शुल्क वृद्धि को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि अमेरिकी शुल्क का सबसे बड़ा प्रभाव समुद्री खाद्य और चावल के निर्यात पर होगा, लेकिन यह भारत के लिए कुछ मुश्किलें भी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि भारत को उच्च शुल्कों के साथ भी वियतनाम और थाइलैंड के मुकाबले बेहतर स्थिति में रहने का मौका है। चीन पर 34 प्रतिशत और अन्य प्रतिस्पर्धियों पर 30 - 46 प्रतिशत तक के शुल्क हैं, जिससे भारतीय निर्यातकों को यह अंतर दर्जनों लाभ मिल रहा है। यहां तक कि सुरमा के निर्यात के मामले में भी भारत के तुलनात्मक शुल्क लाभ भारत को अच्छे राजनीतिक इकाई में रखता है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत उच्च शुल्क वाले प्रतिस्पर्धियों द्वारा खाली किए गए स्थानों में बाजार हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए, बेहतर नीतियों और अर्थव्यवस्था के साथ कृषि क्षेत्र में नए उद्यमों की आवश्यकता है। भारत को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए भारत को अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्तरदायित्वपूर्ण नीतियों को अमल में लाना होगा।

# मैक्स फैशन ने लैक्मे फैशन वीक में शानदार शुरूआत की



एजेंसी

रांची। मैक्स फैशन ने लैक्मे फैशन वीक x FDCI के 25वें एडिशन में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरूआत की, जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया। यह महज एक रनवे क्षण नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मूल्यांकन था - एक बयान कि वैश्विक फैशन हर किसी के लिए है, जिसमें ऐसी शैली अपनाई जाती है जो सुलभ हो, ट्रेंड के साथ चलने वाली हो, जिसे आसानी से पहना जा सके। अपने सिसिलियन समर और अमाल्फी एस्केप कलेक्शन्स के लॉन्च के साथ, मैक्स फैशन ने न केवल हाई-स्ट्रीट फैशन को पुनर्परिभाषित किया बल्कि इसने एक मंच तैयार करके दिया जिससे लाखों लोगों की आकांक्षा सुलभ हो गई। जिस क्षण पहली मॉडल रनवे पर उतरी, यह स्पष्ट हो गया कि यह महज एक और कलेक्शन लॉन्च नहीं था - यह एक आंदोलन था। जैसे ही कल्कि केकलाँ ने रनवे पर कदम रखा, दर्शकों की साँसे थम गई, उनमें आश्चर्य की लहर दौड़ गई। आत्मविश्वास, विद्रोह और सहज शैली से भरपूर एक स्टेटमेंट लुक में लिपटी कल्कि ने सिर्फ रनवे पर वॉक ही नहीं किया बल्कि यह जताया भी दिया कि यह रेनवे सिर्फ. उसी के सिए बना है।

## इस गर्मी ऊषा कूलर्स के साथ अपने घर में लाए ठंडक



एजेंसी

रांची। ऊषा इंटरनेशनल अपने ग्राहकों के लिए, एरोस्टाइल कूलर की सबसे ज्यादा बिकने वाली रेंज के साथ, ऐसे उत्पाद लाने की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है जो अभिनव, अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और सहज कार्यक्षमता से लैस हों। सुविधाओं से समझौता नहीं करने वाले लोगों के लिए डिजाइन किए गए ये दोनों कूलर उच्च प्रदर्शन वाले हनीकॉम्ब कूलिंग पैड, एकीकृत बर्फ कक्ष और अधिकतम शीतलन दक्षता के लिए शॉवर वितरण प्रणाली से सुसज्जित हैं। बिल्ट-इन डस्ट फि ल्टर, ऑटो-स्विंग कार्यक्षमता के साथ मोटराइज्ड वर्टिकल लूवर और पूरी तरह से बंद होने वाले फ्रंट लूवर धूल और मच्छरों को दूर रखते हुए स्वच्छ वायु प्रवाह सुनिश्चित करते हैं। इसका मैनुअल ह्यूमिडिटी कंट्रोल और ऑटो-ड्रेन फंक्शन रखरखाव को आसान बनाता है, जबकि बॉल-बेयरिंग से लैस फैन मोटर सुचारू, लंबे समय तक चलने वाला संचालन सुनिश्चित करता है। यह मॉडल 70लीटर वैरिएंट में भी उपलब्ध है।

## हॉल्डर वेंचर लिमिटेड ने केएस ऑयल के हल्दिया संयंत्र का अधिग्रहण किया

# 1500 करोड़ से अधिक की राजस्व वृद्धि की संभावना

एजेंसी

रांची। भारत की प्रमुख पारबॉयल्ड चावल और खाद्य तेल निर्माण कंपनियों में से एक, हॉल्डर वेंचर लिमिटेड ने केएस ऑयल लिमिटेड के हल्दिया स्थित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सफलतापूर्वक अधिग्रहण कर अपने संचालन का विस्तार किया है। यह अधिग्रहण 500 टीपीडी भौतिक और रासायनिक रिफाइनिंग क्षमता वाले अत्याधुनिक रिफाइनिंग संयंत्र को HVL के नियंत्रण में लाता है, जिससे इसकी वर्तमान उत्पादन क्षमता पांच गुना बढ़ जाएगी। इस रणनीतिक विस्तार से वार्षिक राजस्व में 1500 करोड़ से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे HVL को पूर्वी भारत में तेजी से बढ़ती मांग का लाभ मिलेगा। प्रत्यक्ष बंदरगाह पहुंच और 500 टीपीडी एडिबल ऑयल रिफाइनरी से आपूर्ति श्रृंखला दक्षता बढ़ेगी यह अधिग्रहण 20 मार्च 2025 को नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल द्वारा स्वीकृत किया गया था और 28 मार्च 2025 को केएस ऑयल लिमिटेड के परिसमापक द्वारा भौतिक स्वामित्व सौंपा गया। इस अधिग्रहण के तहत 33,000 एमटी की भंडारण क्षमता और एक अत्याधुनिक पैकेजिंग यूनिट भी शामिल है। प्रत्यक्ष बंदरगाह पहुंच के साथ, HVL अब कच्चे खाद्य तेल का सीधे आयात कर सकेगा, जिससे टैंकर परिवहन पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी और लॉजिस्टिक्स लागत में महत्वपूर्ण कमी आएगी। हल्दिया में स्थित यह संयंत्र सड़क, समुद्र और रेल मार्ग से सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जिससे कंपनी पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पूर्वोत्तर भारत में अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत कर सकेगी। साथ ही, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों तक भी इसका विस्तार होगा। इस अधिग्रहण पर हॉल्डर वेंचर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, केशब कुमार हॉल्डर ने कहा, यह अधिग्रहण हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, दक्षता में सुधार होगा और खाद्य तेल क्षेत्र में हमारी स्थिति और मजबूत होगी। बंदरगाह तक सीधी पहुंच और उन्नत रिफाइनिंग तकनीक के साथ, हम गुणवत्ता और वितरण में नए मानक स्थापित करने के लिए तैयार हैं। हमारा मुख्य लक्ष्य प्रीमियम खाद्य तेल उपलब्ध कराना और हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित करना है।

## नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन फाइंड एक्स 8 अल्ट्रा होगा लॉन्च

नई दिल्ली। नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन फाइंड एक्स 8 अल्ट्रा ओप्पो 10 अप्रैल को लॉन्च होगा। चीन में यह डिवाइस पहले ही प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हो चुका है, और अब कंपनी ने इसके आधिकारिक रेंडर्स जारी कर दिए हैं, जिससे फोन के लुक और फीचर्स का खुलासा हुआ है। यह फोन अपनी शानदार डिजाइन और दमदार कैमरा सेटअप के कारण सुर्खियों में है। फोन का डिजाइन काफी प्रीमियम है और यह स्टारी ब्लैक, मूनलाइट वाइट और मॉर्निंग लाइट जैसे तीन रंगों में उपलब्ध होगा। कंपनी ने इस बार अलर्ट स्लाइडर को हटाकर मैजिक क्यूब हार्डवेयर बटन दिया है, जो फोन के बाईं ओर स्थित होगा।

# मोटोरोला ने पेश किया नया एज 60 फ्यूजन




एजेंसी

रांची। मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी और भारत का प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने अपनी नई और बहुप्रतीक्षित एज 60 सीरीज का पहला स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 फ्यूजन लॉन्च किया। यह नया स्मार्टफोन अपनी बेहद लोकप्रिय जनरेशन मोटोरोला एज 50 फ्यूजन की तुलना में लगभग हर पहलू में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड है। इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो एक प्रीमियम स्मार्टफोन की तलाश में हैं, जिसमें शानदार डिजाइन और अत्याधुनिक फीचर्स का अनूठा संयोजन हो। शक्तिशाली ए ई - ड्रिवन अनुभवों के साथ, मोटोरोला एज 60 फ्यूजन उपयोगकर्ता के दैनिक कार्यों को अधिक सरल और सहज बनाता है। स्मार्टफोन की कुछ प्रमुख विशेषताओं में दुनिया का सबसे इमर्सिव 1.5K ऑल 4 साइड कर्व्ड डिस्प्ले शामिल है, जिसमें पैनटोन द्वारा प्रमाणित टू कलर है, दुनिया का पहला और सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 100% ट्रू कलर सोनी LYT 700C कैमरा सिस्टम है, जिसमें एडवांस ए ई छएऊइमेजिंग फीचर हैं, सेगमेंट के सबसे बेहतरीन ए ई फीचर हैं, जो विभिन्न जनरेटिव ए ई , कैमरा और मोटो ए ई असिस्ट फीचर्स के साथ आते हैं। इसके अलावा, स्मार्टफोन में टू मील -810H मिलिट्री ग्रेड सर्टिफाइड प्रोटेक्शन के साथ IP68 और IP69 अंडरवाटर प्रोटेक्शन भी है।

## सोलर कंपनी के शेयरों में लगा अपर सर्किट

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बावजूद सोलर कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स के शेयर गुरुवार को 5 फीसदी चढ़ गए। कंपनी के शेयर बाजार खुलते ही बीएसई पर 4.99 फीसदी उछलकर 201.90 रुपये पर पहुंच गए। इसी के साथ कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लग गया। एक्मे सोलर होल्डिंग्स एक रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी है। इसके पोर्टफोलियो में सोलर, विंड, हाइब्रिड और फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाएं शामिल हैं। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी और एसीएमई ग्रुप की प्रमुख इकाई एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने अपनी 490 मेगावाट की ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाओं के लिए 2,491 करोड़ रुपए की लॉन्ग टर्म फाइनेंसिंग फैसिलिटी हासिल की है।

# सैमसंग ने घरेलू उपकरणों पर एक्सटेंडेड वारंटी का तोहफा दिया

एजेंसी

रांची। सैमसंग ने अपने चुनिंदा रेफ्रिजरेटर्स और फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों पर सैमसंग केयर+ के साथ देशभर में एक विशेष एक्सटेंडेड वारंटी कैंपेन शुरू किया है। यह ऑफर 30 अप्रैल, 2025 तक वैध है, जिससे उपभोक्ताओं को ज्यादा आकर्षक और किफायती मूल्य पर अपने उपकरणों के लिए बेहतर सुरक्षा मिलेगी। उपकरणों को खरीदने के दौरान ड्यूरैबिलिटी सबसे प्रमुख कारक है, यह पहल सैमसंग की विश्वसनीय आफ्टर-सेल्स सेवा के साथ उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधा और लंबे समय में आश्वासन प्रदान करती है। इस विशेष ऑफर के तहत, उपभोक्ता चुनिंदा फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों पर सिर्फ 499 रुपये के विशेष मूल्य पर 4,290 रुपये की सैमसंग केयर+ के साथ 2 साल की एक्सटेंडेड एवं कॉम्प्रीहेंसिव वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, रेफ्रिजरेटर्स की बात करें तो, सैमसंग फ्रेंच डोर और साइड-बाय-साइड (एसबीएस) मॉडलों पर 4490 रुपये की वारंटी के लिए 449 रुपये और 500 लीटर से नीचे के फ्रॉस्ट फ्री मॉडलों पर 1270 रुपये की वारंटी के लिए 349 रुपये के विशेष मूल्य पर 1 साल की एक्सटेंडेड वारंटी दे रहा है। उपभोक्ता सैमसंग के रिटेल स्टोर्स, सैमसंग.कॉम और देश भर की दूसरी रिटेल दुकानों में इस सीमित समय के ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग का कहना है कि वे ग्राहकों को नए-नए उच्च गुणवत्ता के उत्पाद और बिक्री के बाद अच्छी सेवाएं देना चाहते हैं। वे हमेशा नए और भरोसेमंद उत्पाद बनाते हैं, ताकि लोगों का जीवन बेहतर हो सके और ग्राहक पूरी तरह संतुष्ट हों।

# आईडेंटिक्स वेब ने आईपीओ निवेशकों को किया गदगद




एजेंसी

नई दिल्ली। शॉपिफाई एप्स डेवलप करने वाली कंपनी आईडेंटिक्स वेब ने प्रीमियम लिस्टिंग के कारण आज अपने आईपीओ निवेशकों को गदगद कर दिया। आज कंपनी के शेयर स्टॉक मार्केट में मजबूत लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 54 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 1.85 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 55 रुपये के भाव पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर कुछ ही देर में 57.75 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले कारोबारी दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 6.94 प्रतिशत का फायदा हो गया। आईडेंटिक्स वेब का 16.13 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 28 मार्च के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 26.15 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 11.19 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 73.46 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 14.38 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 30.80 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल मार्केटिंग, आरएंडडी और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए हायरिंग करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉपोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 105.19 प्रतिशत बढ़कर 2.77 करोड़ रुपये हो गया था। इसी तरह कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 6.22 प्रतिशत बढ़कर 6.66 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया था। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की बात करें, तो इसकी पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को 2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 4.97 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने में सफल रही थी।

## गुणों से भरपूर है मेरा किरदार सिर्फ रूप तक सीमित नहीं : आलेया घोष



मुंबई। शेमारू उमंग पर प्रसारित 'जमुनीया' शो की कहानी में जमुनीया नाम की एक लड़की की है, जो अपने सांवले रंग के कारण समाज की आलोचना का शिकार होती है। आलेया घोष कहती हैं, जमुनीया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है। जैसे जामुन सेहत के लिए लाभकारी होता है, वैसे ही मेरा किरदार 'जमुनीया' सिर्फ अपनी बाहरी सुंदरता तक ही सीमित नहीं है। वह निडर है और हमेशा सच के लिए खड़ी होती है। मौजूदा कहानी में, अपने हक के लिए कैसे लड़ना है। वह किसी को भी खुद पर अन्याय नहीं करने देगी और अपने पति की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगी, भले ही उसका पति और परिवार उसे उसके रूप के कारण स्वीकार न करें। लोग अक्सर रूप-रंग के आधार पर निर्णय लेते हैं, लेकिन असली सुंदरता साहस, विनम्रता और आत्मबल में होती है। यह शो एक सशक्त संदेश देता है। सौंदर्य सिर्फ चेहरे की सुंदरता में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संकल्प और सच्चे दिल में होता है। देखिए 'जमुनीया' शो, हर सोमवार से शनिवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ शेमारू उमंग पर।

## खास खबर

### मशहूर पहलवान विवेकानंद सिंह नहीं रहे

**पटना।** बिहार के मशहूर पहलवान और बिहार केसरी के नाम से प्रसिद्ध विवेकानंद सिंह का बुधवार देर रात निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से प्रशंसकों के साथ ही पूरे खेल जगत में दुख की लहर फैल गयी। इस दिग्गज पहलवान ने पटना के आरोग्य अस्पताल में अंतिम सांस ली। इस दौरान अस्पताल के बाहर भारी तादद में उनके प्रशंसक थे। उन्हें पिछले माह 27 मार्च को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद से ही वह अस्पताल में भर्ती थे पर बचाये नहीं जा सके। वह बिहार के प्रमुख पहलवानों में शामिल थे और कई जीत हासिल करने के बाद ही उन्हें बिहार केसरी का खिताब मिला था। अपने कुश्ती करियर में उन्होंने राज्य को नाम रौशन किया।

### जैस्मिन और पांड्या के अफेयर की अटकलें तेज

मुम्बई। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आजकल आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी करते दिख रहे हैं। खेल के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर भी वह चर्चाओं में बने रहते हैं। पांड्या का उनकी पत्नी नताशा स्टेनिवोविक से तलाक हो गया है। वहीं आजकल हार्दिक अपनी नई गर्लफ्रेंड और ब्रिटिश मॉडल जैस्मिन वालिया के साथ रिलेशनशिप में हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें अटकलें लगायी जा रही हैं कि ये दोनो एकदूसरे को डेट कर रहे हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया में छाया हुआ है। हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच हुए आईपीएल मैच का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें जैस्मिन वालिया को मुंबई इंडियंस की बस में चढ़ते हुए देखा गया। इस दौरान सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान मैच की जगह जैस्मिन पर ज्यादा था। इससे यह अटकलें तेज हो गई कि हार्दिक और जैस्मिन के बीच कुछ खास है। हार्दिक पांड्या और जैस्मिन वालिया को पहली बार तब देखा गया गया था जब दोनों ने एक ही स्वीमिंग पूल की अलग-अलग तस्वीरें पोस्ट की थीं। इसके बाद दोनों को कई बार एक साथ देखा गया। अब जब जैस्मिन को पांड्या की टीम की बस में देखा गया, तो यह और भी स्पष्ट हो गया कि दोनों रिलेशनशिप में हैं। जैस्मिन को कई बार स्टेडियम में हार्दिक का उत्साह बढ़ाते हुए देखा गया है। इससे भी दोनों के अफेयर की अफवाहें और भी तेज हो गई हैं।

### इगा स्वियातेक ने टूर्नामेंट से लिया नाम वापस

**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर दो टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने आगामी बिली जीन किंग कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। 23 वर्षीय स्वियातेक ने कहा कि उन्हें अपने करियर और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय चाहिए, जिसके चलते वह 10-12 अप्रैल को पोलैंड के रादोम शहर में स्विट्जरलैंड और यूक्रेन के खिलाफ राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगी। स्वियातेक ने कहा, मुझे पता है कि यह जानकारी प्रशंसकों, विशेष रूप से पोलिश प्रशंसकों, के लिए निराशाजनक हो सकती है, लेकिन फिलहाल यह मेरे लिए सही निर्णय है। उन्होंने आगे कहा, मैं हमेशा गर्व के साथ अपने देश का प्रतिनिधित्व करती हूं। मैंने पिछले साल देश के लिए सभी प्रमुख टूनार्मेंट खेले थे।

# मुंबई और लखनऊ के बीच मुकाबल आज

एजेंसी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जॉइंट्स अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में सुपर जॉइंट्स का लक्ष्य जीत हासिल कर वापसी करना रहेगा। अब तक हुए तीन मैचों में से उसे दो मुकाबलों में हार मिली है। पिछले मैच में उसे पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर भी सभी की नजरें रहेंगी। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी होनें बाद भी ऋषभ अभी तक रन नहीं बना पाये हैं। तीन मैचों को मिला भी दें तो भी उनके 30 से कम रन हैं। इस मैच में अगर लखनऊ को जीत दर्ज करनी है तो कप्तान को रन बनाने होंगे। वहीं दूसरी ओर



मुम्बई इंडियंस का सफर भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसे भी केवल एक ही मैच में जीत मिली है। मुम्बई के भी अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा का भी बल्ला अब तक खामोश हैं। ऐसे में वह भी इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाने के इरादे से उतरेंगे। इस मैच में उतर रही दोनो ही टीमों की हालत तकरीबन एक ही है। मुंबई को अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने का भी नुकसान हुआ है। बुमराह चोटिल होने के कारण इस आईपीएल सत्र से बाहर हैं।

बुमराह की जगह बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी जिससे मुम्बई को राहत मिली है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर 4 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में केवल चार टी20 मैच खेलने के बाद मुंबई की ओर से आईपीएल में पदार्पण करते हुए अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे स्टार बल्लेबाजों के विकेट लिए थे। मुंबई को अगर सुपर जॉइंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करनी है तो रोहित के अलावा अन्य बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे।

वहीं लखनऊ की टीम भी अपने गेंदबाजों के चोटिल होने से परेशान हैं मयंक यादव सहित उसके प्रमुख गेंदबाज फिट नहीं होने के कारण बाहर हैं। शार्दुल ठाकुर के टीम से जुड़ने से हालांकि उसके राहत मिली है। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरण के फार्म में आने से भी टीम को लाभ हुआ है। पूरन ने अब तक तीन मैच में 189 रन बनाए हैं पर उन्हें कोई जोड़ीदारी नहीं मिला है। टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो कप्तान ऋषभ के साथ ही अन्य सभी खिलाड़ियों को एकजुट होकर खेलना होगा। टीम के पास स्पिनर रवि बिश्नोई है पर वह भी अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। उन्हें भी इस मैच में अपना प्रदर्शन ठीक करना होगा।

## ईशान को इस बार भी बीसीसीआई अनुबंध मिलने की संभावना नहीं : रिपोर्ट

एजेंसी

**मुम्बई ।** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन आजकल आईपीएल खेल रहे हैं। ईशान का इसमें अब तक का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। पहले ही मैच में उन्होंने शतक लगाया था पर बाद के मैचों में वह रन नहीं बना पाये। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड आने समय में केन्द्रीय अनुबंध देने जा रहा है। इसमें इस बार भी ईशान को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ईशान को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण पिछले बार भी अनुबंध नहीं मिला था। ईशान के अलावा श्रेयस अय्यर को भी पिछले साल अनुबंध नहीं मिला था पर इस बार जहां श्रेयस की वापसी तय है, वहीं ईशान को अभी इंतजार करना होगा। श्रेयस ने बीसीसीआई की फटकार के बाद घरेलू क्रिकेट खेल लिया था और इससे उनकी



भारतीय टीम में भी वापसी हो गयी थी। अभी श्रेयस आईपीएल में भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं बीसीसीआई अनुबंध सूची अभी जारी नहीं हुई है पर कहा जा रहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को इसमें ए प्लस में ही बनाये रखा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई श्रेयस को अपना अनुबंध वापस दे सकती है। दूसरी ओर ईशान को अनुबंध वापस पाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है। किशन ने नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में आखिरी बार भारतीय टीम की ओर से खेला था।

# लिवरपूल ने एवर्टन को हराया, 12 अंकों की बढ़त बरकरार

एजेंसी

**लंदन।** डियोगो जोटा के 57वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल ने बुधवार को मसीर्साइड डर्बी में एवर्टन को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में अपनी 12 अंकों की बढ़त बरकरार रखी। लुइस डियाज के बैक-हील पास पर जोटा के गोल ने अरने स्लॉट की टीम को जीत दिलाई और अब टीम को खिताब पक्का करने के लिए अगले आठ मुकाबलों में सिर्फ 13 अंकों की जरूरत है। दूसरी ओर, मैनचेस्टर सिटी ने घर में संघर्षरत लीसेस्टर सिटी के खिलाफ दमदार शुरूआत की। जैक ग्रीलिश ने मैच के सिर्फ दूसरे मिनट में साविन्हो के असिस्ट पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। ओमर मरमौश ने हाफ टाइम से



पहले स्कोर 2-0 कर दिया, जिससे यह साबित हुआ कि टीम को एर्लिंग हालांड की गैरमौजूदगी में भी कोई परेशानी नहीं हो रही। न्यूकैसल यूनाइटेड ने घरेलू मैदान पर ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराकर उसकी लगातार पांचवें अवे मैच जीतने की उम्मीदों को तोड़ दिया। न्यूकैसल के लिए अलेक्जेंडर इसाक और सैंड्रो टोनाली ने गोल किए। मार्कस रैशफोर्ड और मार्को असेंसियो के दूसरे हाफ में किए गए गोलों ने एस्टन विला की यूरोप में वापसी की उम्मीदें मजबूत कर दीं। ब्राइटन के खिलाफ 3-0 की इस जीत में डोनीएल मालेन ने इंजुरी टाइम में गोल कर ब्राइटन की मुश्किलें और बढ़ा दीं, जो पहले ही एफए कप से बाहर हो चुका है। इप्सविच टाउन ने बोरनमाउथ को चौंकाते हुए 34वें मिनट में नाथन ब्रॉडहेड और 60वें मिनट में लियाम डेलाप के गोलों से 2-1 से हराया। बोरनमाउथ के लिए इवानिलसन ने 67वें मिनट में एकमात्र गोल किया। साउथैम्प्टन के पॉल ओनूआचू ने 20वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई थी, लेकिन क्रिस्टल पैलेस के मैथ्यूस फ्रांका ने इंजुरी टाइम में गोल कर मुकाबला 1-1 से ड्रॉ करवा दिया और साउथैम्प्टन की सीजन की तीसरी जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# आरसीबी की हार का कारण बने सिराज

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 18 वें सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 8 विकेट से हरा दिया। सिराज पिछले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में शामिल थे पर इस बार वह गुजरात की ओर से खेल रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस बार रिटेन न कर आरसीबी पछता रही होगी। इस मैच में सिराज के सामने आरसीबी के गेंदबाज टिक नहीं पाये।

सिराज ने बहुत ही कसी हुई गेंदबाजी की और आरसीबी के 3 बड़ विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में केवल 19 रन देकर 3 विकेट



हासिल किए। इसी कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। वहीं पिछले सत्र में जब गुजरात और आरसीबी का पहला मुकाबला हुआ था तब भी सिराज ही प्लेयर ऑफ द मैच थे पर उस समय वह गुजरात की ओर से खेल रहे थे। आरसीबी ने इस बार सिराज को रिलीज कर दिया था। इसके बाद हुई नीलामी में टाइटंस ने उन्हें 12.5 करोड़ की बोली लगाकर उन्हें खरीदा था। इस बार मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। वहीं गुजरात ने जोस बटलर और साई सुदर्शन की विस्फोटक पारियों की सहायता से 18वें ओर में ही 8 विकेट से मैच जीत लिया। बटलर ने 39 गेंद में 73 जबकि सुदर्शन ने 36 गेंद में 49 रन बनाये। इस मैच में जीत से गुजरात के 4 अंक हो गए और वह चौथे नंबर पर पहुंच गयी है जबकि हार के बाद आरसीबी पहले से तीसरे नंबर पर फिसल गयी है।

## फीफा फुटबॉल रैंकिंग

# भारत 127वें स्थान पर पहुंचा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक फुटबॉल नियामक संस्था फीफा की ओर से गुरुवार को जारी नवीनतम पुरुष रैंकिंग में भारत एक स्थान फिसलकर 127वें स्थान पर आ गया है। मार्च 2025 में एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में ब्लू टाइगर्स को बांग्लादेश से ड्रॉ पर रोका गया था। इस परिणाम से बांग्लादेश को दो पायदान ऊपर चढ़कर 183वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। मिस्त्र की राष्ट्रीय टीम पिछली रैंकिंग में 33वें स्थान पर रहने के बाद विश्व स्तर पर 32वें स्थान पर पहुंच गई। मोरक्को विश्व स्तर पर 12वें स्थान पर और सेनेगल विश्व स्तर पर 18वें स्थान पर है, जबकि अल्जीरिया अफ्रीका में चौथे और विश्व स्तर पर 36वें स्थान पर है और नाइजीरिया अफ्रीका में पांचवें और विश्व स्तर पर 43वें स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर अर्जेंटीना ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जबकि स्पेन दूसरे स्थान पर पहुंच गया और फ्रांस तीसरे स्थान पर खिसक गया।

## विराट को गेंदबाजी करते समय भावुक हुए सिराज

**बेंगलुरु ।** आईपीएल में इस बार गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से खेलते थे। ऐसे में उनके लिए इस बार आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली को गेंदबाजी करना काफी मुश्किल हो रहा है। सिराज ने 7 साल तक आरसीबी के लिए खेला है। इस दौरान विराट ने आगे बढ़ने में सिराज की काफी सहायता की है। सिराज के इतने सफल गेंदबाज बनने के पीछे भी विराट का ही समर्थन भी एक कारण रहा है। ऐसे में जब वह स्टेडियम में विराट कोहली के खिलाफ पहला ओवर फेंकने पहुंचे तो थोड़े भावुक नजर आये। उन्होंने अपने ओवर की पहली गेंद तो फिल सॉल्ट को फेंकी पर उसके बाद जब विराट को वह पहली गेंद फेंकने जा रहे थे तो रनअप के बीच में ही रुक गए थे।

# सिदो कान्हु स्टेडियम में वॉलीबॉल मैच का आयोजन

▸ खेल बैंक से वॉलीबॉल खिलाड़ियों को मिला भरपूर सहयोग

एजेंसी

**रांची।** जिला वॉलीबॉल संघ, साहेबगंज द्वारा आज झारखंड वॉलीबॉल के पितामह शेखर बोस के जन्म दिन के मौके पर सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं झारखंड राज्य वॉलीबॉल के प्रेरणा श्रोत रहे अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक शेखर बोस का जन्म दिन केक काटकर मनाया गया एवं सभी खिलाड़ियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष



कल्याण श्रीवास्तव उर्फ मंटू दा ने शेखर बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। जिला की कुल 04 टीमों पुरुष टीम (झरना कॉलोनी, सकरीगली, कोदरजन्ना , सिदो कान्हु स्टेडियम टीम) एवं 02 महिला टीम (सिदो कान्हु स्टेडियम टीम) के बीच प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक जिला वॉलीबॉल संघ, साहेबगंज के अध्यक्ष ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि जिले की विभिन्न टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। हमारा उद्देश्य जिले में वॉलीबॉल को बढ़ावा देना और युवाओं एवं युवतियों को इस खेल के प्रति प्रेरित करना है। जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा संचालित खेल बैंक से वॉलीबॉल खिलाड़ियों को भरपूर सहयोग प्रदान किया गया, मैच के लिए वॉलीबॉल खेल मैदान,वॉलीबॉल, खेल कीट,वॉलीबॉल पोल ,नेट आदि उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय के प्रधान सहायक गौतम झा, जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी,एथलेटिक्स प्रशिक्षक योगेश यादव, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार , सन्नी, राष्ट्रीय खिलाड़ी ममता कुमारी, आरती कुमारी, आवासीय बालक एवं बालिका डे बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर समेत जिले के कई वरीय खिलाड़ी मौजूद रहे थे।

# बुमराह की वापसी को लेकर संशय बरकरार

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की खेल में वापसी को लेकर संशय बना हुआ है। बुमराह चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इसी कारण वह चैम्पियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाये। अब उनके इंग्लैंड के खिलाफ जून में होने वाली टेस्ट सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की संभावनाएं हैं। फिट नहीं होने के कारण ही वह आईपीएल से भी बाहर हैं। उनके अप्रैल के पहले सप्ताह तक पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद थी पर अब इसकी संभावना नहीं हैं। ऐसे में उनके प्रशंसकों को अभी और



इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम उनकी वापसी को लेकर किसी प्रकार की जल्दबाजी नहीं करना चाहती। मेडिकल टीम नहीं चाहती कि मैदान पर वापसी के बाद उनके फिर चोटिल होने का खतरा हो।

वहीं सकारात्मक बात ये है कि बुमराह ने नेट पर गेंदबाजी शुरू कर दी है पर अभी वह पूरी ताकत और क्षमता से गेंद नहीं फेंक रहे हैं। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। टीम उनकी क्रिकेट के मैदान पर वापसी को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी के पक्ष में नहीं है क्योंकि इसमें जोखिम हो सकता है। इससे वह स्ट्रेस फ्रैक्टर का शिकार हो सकते हैं। मेडिकल टीम का मानना है कि बुमराह को 100 प्रतिशत फिट होने पर ही वापसी करनी चाहिये। वहीं एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार बुमराह की चोट थोड़ी ज्यादा गंभीर है। मेडिकल टीम ये पक्का करना चाहती है कि वह फिर स्ट्रेस फैक्चर का शिकार न हों। बुमराह स्वयं भी इस मामले में सावधानी रख रहे हैं।

# गुजरात के खिलाफ मुकाबले में विफल रहे विराट

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर संकेतों में निशाना साधा है। विराट इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। बल्लेबाजी करते हुए वह 7 ही रन बना पाये। इसके बाद फील्डिंग करते हुए 12वें ओवर में ही चोटिल हो गए। पाटीदार ने कहा कि पावरप्ले में खराब प्रदर्शन से टीम हारी। टिम डेविड और लिविंगस्टन ने 54 रन बनाकर सम्मानजनक स्कोर



तक पहुंचा दिया पर इसके बाद खराब फील्डिंग के कारण टीम की गेंदबाजी प्रभावी नहीं रही। पाटीदार ने कहा कि हम पावरप्ले के बाद 190 के आसपास लक्ष्य बना रहे थे पर शुरूआती विकेट खोने से हमें नुकसान हुआ। मुझे लगता है कि हमारा प्रयास अच्छा था, पर हमें पावरप्ले में 3 विकेट नहीं खोने चाहिए थे। हालात बेहतर हो गये हालांकि जितेश, लियाम लिविंगस्टोन और टिम डेविड ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह हमारे लिए राहत की बात रही। वहीं दूसरी ओर गुजरात के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लेकर आरसीबी की बल्लेबाजी को जमने नहीं दिया।

# झारखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वॉलीबॉल दिवस

एजेंसी

**रांची ।** 3 अप्रैल को झारखंड राज्य के सभी 24 जिलों में वॉलीबॉल दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम झारखंड वॉलीबॉल के (लिविंग लीजेंड) भीष्म पितामह श्री शेखर बोस के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। इस संदर्भ में झारखंड राज्य वॉलीबॉल संघ के दिशा-निर्देश में जिला वॉलीबॉल संघों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदर्शनी मैच, युवा खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण सत्र, वॉलीबॉल प्रतियोगिताएँ और वॉलीबॉल के विकास पर संगोष्ठियाँ शामिल थीं।

**प्रदर्शनी मैचः** जिले के प्रमुख खिलाड़ियों ने प्रदर्शनी मैच खेले, जिससे खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।




**युवा प्रशिक्षण शिविरः** युवा खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाए गए।

**सम्मान समारोहः** वॉलीबॉल में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें रांची जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा श्री उत्तम राज जी कोषाध्यक्ष झारखंड वॉलीबॉल संघ को सम्मानित किया गया।

झारखंड वॉलीबॉल संघ के संघ के चेयरमैन सुबोध कांत सहाय,अध्यक्ष आर०के० आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय ने सभी जिलों में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला संघों और खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी जिला संघों को बधाई देते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन राज्य में वॉलीबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में सहायक होगा। इस अवसर पर executive vice President किरण थाम्पकिंसन, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष - उत्तम राज, संजय ठाकुर, देवाशीष कुमार झा, सूरज प्रकाश लाल, संजय कुमार , सुनिर्मल बोस, भोला प्रताप सिंह, विकास वर्मा, उपेन्द्र सिंह, सेतांक सेन, विश्वनाथ सिंह,विश्वजीत नन्दी, बापी, दुर्गा जौहरी, डॉ सी के ठाकुर, हिसाबी राय, कल्याण श्रीवास्तव, राजीव रंजन मिश्रा, आशीष झा, नवीन कुमार शर्मा, सूरज प्रकाश लाल, मुनव्वर आलम, राकेश सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, मो. अनवर, गोपाल राम, जी मिश्रा, राकेश पाण्डेय, संजय गुप्ता, दीपक कुमार, गणेश चौबे, मनोज कुमार, मो. जाहिद, पीटर मुंडू, ओम प्रकाश तिवारी, रामकुमार प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्रा,सुनील कुमार,भास्कर राव, राजीव मिश्रा, सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनायें दी।

## वॉलीबॉल दिवस मनाने वाले जिलों की सूची

रांची, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका, हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, गढ़वा, पलामू, लातेहार,चतरा, कोडरमा, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, सरायकेला-खरसावां,जामताड़ा एवं सीआईएसएफ, झारखंड सेक्टर।




फिलीपींस में एवीसी बीच वॉलीबाल में महिलाओं के पूल सी मैच में खेलती हुई चीन और न्यूजीलैंड की खिलाड़ी।



# महावीर
## अभी के लिए और सभी के लिए हैं

लगभग 2500 वर्ष पहले अहिंसा और सहिष्णुता की शिक्षा देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सिद्धांत और आदर्श वर्तमान संदर्भों में सभी के लिए प्रासंगिक हैं। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि अनेक उपदेशों को अपनाकर आज भी राम राज्य की स्थापना की जा सकती है।

वर्द्धमान महावीर का जन्म दिन महावीर जयंती के रुप मे मनाया जाता है। वर्धमान महावीर जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान आदिनाथ की परंपरा में चौबीसवें तीर्थंकर थे। वे कठोर तप से इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर जिन अर्थात विजेता कहलाए। संतों का कहना है कि भगवान महावीर अभी के लिए हैं और सभी के लिए हैं....

### कोई भी सुखी नहीं रह सकता

भगवान महावीर ने कहा था कि दूसरों को दुखी बनाकर कोई सुखी नहीं रह सकता। महावीर से बढ़कर इस जगत में कोई साधना नहीं है। इसमें असीम सुख, शांति और तृप्ति के साथ ही जीवन की ऊंचाइयों और गहराइयों को छूने की शक्ति है।

### एक होकर आगे बढ़े जैन बंधु

महावीर जंयती के दिन दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन बंधुओं को एक होकर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। अपनी मान्यताओं और अपने अहम को ताक में रखकर एक मंच पर आकर समाज कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।

### धन से नहीं मन से धर्म हो

महावीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। आज धर्म और धर्माचार्यों पर अंगुली उठती है। ऐसे विषम माहौल में समाजजनों को उन लोगों को आगे लाना चाहिए जो सच्चे साधु –संत हैं और नि:स्वार्थ भाव से समाज व धर्म की सेवा कर रहे हैं।

### अहिंसा और मैत्री आज की जरूरत

अहिंसा और मैत्री की आज दुनिया को जरूरत है और भगवान महावीर ने यही संदेश दुनिया को दिया था। आज धर्म में दिखावा और आडंबर अधिक आ गया है। अपना नाम गुप्त रखकर गरीबों और पीड़ितों की सेवा करें।

### अहिंसा सब समस्याओं का समाधान

विश्व की समस्याओं का एक ही समाधान है– भगवान महावीर के अहिंसा के सिद्धांत का पालन करना। भगवान महावीर ने कहा था– मैं अपने भक्तों को ही अपनी परतंत्रता से मुक्ति देता हूं। इस स्वतंत्रता का अर्थ हमने बदल दिया।

### मैं और मेरा से मुक्त करें अपने को


महावीर सभी के लिए हैं। मनुष्य यदि आज मैं और मेरा– इन दो चीजों से अपने को मुक्त कर ले तो मोक्ष संभव है। बच्चों को हमेशा सुसंस्कार दें। जीवन में पहला स्थान माँ का, दूसरा पिता और तीसरा स्थान गुरु का होता है। त्याग जीवन को उन्नत बनाता है।

### अलगाव की नीति खतरनाक

तीर्थंकर महावीर ने विश्व मैत्री का अनुपम सूत्र दिया है। नमक की भांति जियो जो सबका स्वाद बढ़ाता है, शकर की तरह घुल जाओ जो सबको मधुरता देती है और प्राण वायु यानि ऑक्सीजन की तरह जियो यानि सबको जीवन दो। यही भगवान महावीर का संदेश है।

## भगवान महावीर : अहिंसा के स्रोत

एक बार तीर्थंकर भगवान महावीर पूर्व की ओर खड़े–खड़े सूर्य देव का आतप ले रहे थे। इतने में कुछ लोग वहां आए। भगवान महावीर को उस स्थिति में देख उन्हें हंसी आई और उन्हें शरारत करने की सूझी। एक व्यक्ति ने उन पर धूल उड़ाई, किंतु वे आतप में लीन रहे। इस पर दूसरे ने उन पर कंकड़ फेंके किंतु भगवान ने उसकी ओर देखा तक नहीं। तीसरे ने उन पर थूका, लेकिन भगवान शांत ही खड़े रहे। यह देख वे आपस में कहने लगे, अरे! यह कैसा आदमी है, थूकने पर भी इसे क्रोध नहीं आया, न ही इसने हमें भला–बुरा कहा। तब दूसरा बोला, यह तो कोई पागल मालूम होता है या गूंगा। तीसरा बोला,यह तो कोई ढोंगी दिखाई देता है। मैं इसमें गुस्सा लाता हूं। और यह कह उसने उनके सिर पर बहुत सारी धूल फेंक दी किंतु इसका भी उस संत पुरुष पर कोई असर नहीं हुआ।



## सभी कष्टों का निवारण करे हनुमानजी की आराधना

परंपरागत रूप से हनुमान को बल, बुद्धि, विद्या, शौर्य और निर्भयता का प्रतीक माना जाता है। संकट काल में हनुमानजी का ही स्मरण किया जाता है। वह संकटमोचन कहलाते हैं। कहा जाता है कि बजरंग बली ने शनि महाराज को कष्टों से मुक्त कराया था, उनकी रक्षा की थी इसलिए शनि देवता ने यह वचन दिया था हनुमानजी की उपासना करने वालों को वे कभी कष्ट नहीं देंगे। बल्कि कष्टों को दूर कर उनकी रक्षा करेंगे। शनि या साढ़ेसाती की वजह से होने वाले कष्टों के निवारण हेतु हनुमानजी की आराधना करनी चाहिए। बजरंग बली की पूजा से शनि का प्रकोप शांत होता है। सूर्य व मंगल के साथ शनि की शत्रुता व योगों के कारण उत्पन्न कष्ट भी दूर हो जाते हैं।

- मंगलवार को सूर्योदय के समय नहाकर ? श्री हनुमते नम: मंत्र का जप करें।
- मंगल को सुबह तांबे के लोटे में जल व सिंदूर मिश्रित कर श्री हनुमानजी को अर्पित करें।
- श्री हनुमान यंत्र को सिद्ध कर लाल धागे में धारण करें, हर मंगलवार को इसका विधिवत पूजन करें।
- लगातार दस मंगलवार तक श्री हनुमान को गुड़ का भोग लगाएं।
- शुक्ल पक्ष के पहले मंगलवार से यह क्रिया शुरू करें।
- हर मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- चित्रा या मृगशिरा नक्षत्रों में किसी भी मंगलवार से शुरू कर लगातार 10 मंगलवार तक श्री हनुमान के मंदिर में जाकर केले का प्रसाद चढ़ाएं।
- चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर श्री हनुमान को अर्पित करें। यह उपाय मंगलवार के दिन करने से शीघ्र सफलता मिलती है।

# अहिंसा का संदेश देती महावीर जयंती

**यदि किसी को हमारी मदद की आवश्यकता है और हम उसकी मदद करने में सक्षम भी हैं फिर भी हम उसकी सहायता न करें तो यह भी हिंसा है। जरूरतमंद की सहायता करना अहिंसा धर्म है। किसी की जान बचाने के लिए अहिंसक प्राणी अथवा प्रेम से भरा हुआ प्राणी अपनी जान भी दे देता है। इस तरह की उत्तम वृत्ति मनुष्यों में ही नहीं पशुओं में भी देखी जा सकती है।**

भगवान महावीर ने आज के दिन जन्म लेकर जीवों को अहिंसा, स्याद्वाद और अपरिग्रह का संदेश दिया। सत्य और अहिंसा जैसे महान सिद्धान्त तो सामान्यतः सत्पुरुषों की श्रेणी में आने वाले सभी मनुष्यों में देखे जा सकते हैं। लेकिन महावीर की अहिंसा बहुत सूक्ष्म है।

उनके विचारों में जीवों की रक्षा कर लेना मात्र अहिंसा नहीं है किसी भी प्राणी को तकलीफ नहीं पहुंचाना मात्र अहिंसा नहीं है।

यदि किसी को हमारी मदद की आवश्यकता है और हम उसकी मदद करने में सक्षम भी हैं फिर भी हम उसकी सहायता न करें तो यह भी हिंसा है। जरूरतमंद की सहायता करना अहिंसा धर्म है। किसी की जान बचाने के लिए अहिंसक प्राणी अथवा प्रेम से भरा हुआ प्राणी अपनी जान भी दे देता है। इस तरह की उत्तम वृत्ति मनुष्यों में ही नहीं पशुओं में भी देखी जा सकती है।

दो मित्र जंगल के रास्ते से गुजर रहे थे। उन्होंने देखा कि एक सूखे पेड़ के नीचे दो मृग मृत पड़े हैं। उनमें से एक मित्र ने गौर से उन्हें देखा और चकित होते हुए अपने मित्र से बोला- मित्र! खड़ा न दीखे पारधी लगा न दीखे बाण। मैं तोसों पूछों सखे कैसे तज्या प्राण॥

हे मित्र! यहां पर न तो कोई शिकारी नजर आ रहा है, न ही इन मृगों के शरीर में कोई बाण ही लगा हुआ है, फिर भला इनकी मृत्यु कैसे हो गई। दूसरे बुद्धिमान मित्र ने उसे बताया कि देखो यहां किनारे पर गड्ढा है जिसमें थोड़ा पानी है।

जल थोड़ा नेहा घना लगा प्रीति का बाण
तू पी- तू पी कहत ही दोनों तज्या प्राण

मित्र देखते नहीं हो गड्ढे में कितना कम पानी है और इन दोनों में प्रेम गहरा है। प्यास से व्याकुल दोनों हिरण एक-दूसरे से यह कहते रहे कि पहले तुम पानी पी लो फिर मैं पी लूंगा। एक-दूसरे के लिए बलिदान करते हुए दोनों ने प्राण त्याग दिया।

जैसे बिना जल के कुआं शोभित नहीं होता। मूर्ति के बिना मंदिर की शोभा नहीं होती, जैसे पुष्प के बिना उद्यान मनोरम नहीं लगता वैसे ही अहिंसा के बिना धर्म का अस्तित्व सम्भव नहीं।

भगवान महावीर ने इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करके, अपनी इच्छाओं का निरोध करके परम पद को प्राप्त किया और संसार के प्राणियों को भी उसी मार्ग पर चलने का उपदेश देकर गए। मनुष्य में से यदि इच्छाओं को घटा दिया जाए तो भगवान अवशिष्ट रहते हैं वही मोक्ष है। और मनुष्य में इच्छाओं को जोड़ दिया जाए तो वह मानव ही रह जाता है। यही संसार है।

मनुष्य - इच्छा = भगवान (मोक्ष)
मनुष्य - इच्छा = इन्सान (संसार)



इन हनुमान मंत्रों से वर्ष भर रहें
## सुरक्षित

जीवन में शक्ति और सिद्धि की कामना को पूरी करने के लिए श्रीहनुमान उपासना अचूक मानी जाती है। दरअसल, श्रीहनुमान व उनका चरित्र जीवन में संकल्प, बल, ऊर्जा, बुद्धि, चरित्र शुद्धि, समर्पण, शौर्य, पराक्रम, दृढ़ता के साथ जीवन में हर चुनौतियों या कठिनाइयों का सामना करने व उनसे पार पाने की अद्भुत प्रेरणा है।

श्री हनुमान चिरंजीवी भी माने जाते हैं। ऐसी अद्भुत शक्तियों व गुणों के स्वामी होने से ही वे जाग्रत देवता के रूप में पूजनीय हैं। इसलिए किसी भी वक्त हनुमान की भक्ति संकटमोचन करने के साथ ही तन, मन व धन से संपन्न बनाने वाली मानी गई है। नए साल की शुरुआत भी हनुमान भक्ति के साथ करें।

यहां बताए जा रहे विशेष हनुमान मंत्र का स्मरण चुस्त व संकटमुक्त रहने की ऐसी कामनासिद्धि कर बहुत ही मंगलकारी साबित होगा।

* स्नान के बाद श्री हनुमान की पंचोपचार पूजा यानी सिंदूर, गंध, अक्षत, फूल, नैवेद्य चढ़ाकर करें।

* गुग्गल धूप व दीप जलाकर नीचे लिखा हनुमान मंत्र लाल आसन पर बैठ साल और जीवन को सफल व पीड़ामुक्त बनाने की इच्छा से बोलें और अंत में श्री हनुमान की आरती करें।

नमो हनुमते रुद्रावताराय
विश्वरूपाय अमित विक्रमाय
प्रकटपराक्रमाय महाबलाय
सूर्य कोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।।

भगवान महावीर
## अहिंसा के स्रोत

एक बार तीर्थंकर भगवान महावीर पूर्व की ओर खड़े-खड़े सूर्यदेव का आतप ले रहे थे। इतने में कुछ लोग वहां आए। भगवान महावीर को उस स्थिति में देख उन्हें हंसी आई और उन्हें शरारत करने की सूझी।

एक व्यक्ति ने उन पर धूल उड़ाई, किंतु वे आतप में लीन रहे। इस पर दूसरे ने उन पर कंकड़ फेंके किंतु भगवान ने उसकी ओर देखा तक नहीं। तीसरे ने उन पर थूका, लेकिन भगवान शांत ही खड़े रहे।

यह देख वे आपस में कहने लगे, अरे! यह कैसा आदमी है, थूकने पर भी इसे क्रोध नहीं आया, न ही इसने हमें भला-बुरा कहा। तब दूसरा बोला, यह तो कोई पागल मालूम होता है या गूंगा। तीसरा बोला,यह तो कोई ढोंगी दिखाई देता है। मैं इसमें गुस्सा लाता हूं। और यह कह उसने उनके सिर पर बहुत सारी धूल फेंक दी किंतु इसका भी उस संत पुरुष पर कोई असर नहीं हुआ।

तब उसने उन पर मुष्टि-प्रहार किया किंतु उन्हें शांत खड़े देख उसने उन पर ढेले फेंके और पास में पड़ी हड्डियों की नोक उनके शरीर में चुभोने लगा। इसका भी कुछ असर न होता देख उसने उन पर भाले से प्रहार किया, लेकिन भगवान की शांति भंग न हुई। वे आंखें बंद किए मौन खड़े रहे। उनकी शांत मुद्रा से प्रसन्नता टपक रही थी। अब तो उन सबको पश्चाताप हुआ कि उन्होंने व्यर्थ ही एक साधु पुरुष को तंग किया।

वे उनके चरणों पर गिर पड़े और बोले, भगवान! हमें क्षमा करें, आपको अकारण ही कष्ट दिया।

भगवान महावीर तो अहिंसा के स्रोत थे। उन पर दुष्ट व्यवहार का कैसे असर हो सकता था?

# आत्मविकास की ज्योति प्रज्ज्वलित करें : महावीर

भौतिक चकाचौंध एवं आपाधापी के इस युग में मानसिक संतुलन को बनाए रखने की हर व्यक्ति द्वारा आवश्यकता महसूस की जा रही है। वर्तमान की स्थिति को देखकर ऐसा महसूस हो रहा है कि कुछेक व्यक्तियों का थोड़ा सा मानसिक असंतुलन बहुत बड़े अनिष्ट का निमित्त बन सकता है। मानसिक संतुलन के अभाव में शांति के दर्शन करना, आनंद का स्पर्श करना भी दुर्लभतम बनता जा रहा है, जैसे कि रेत के कणों से तेल को प्राप्त करना। इस अशांत वातावरण में मन को अनुशासित व स्थिर करना दुष्कर कार्य बनता जा रहा है। आज मानव तनाव की नाव में बैठकर जिंदगी का सफर तय कर रहा है। बच्चा तनाव के साथ ही जन्म लेता है। गर्भ का पोषण ही अशांत, तनाव



एवं निषेधात्मक विचारों के साथ होता है तो बच्चे के मज्जा में तनाव व आक्रोश के बीज कैसे नहीं होंगे। हिंसा के इस युग में एक ज्वलंत प्रश्न है कि शांति कैसे मिले? तनाव से मुक्ति कैसे मिले? मन को स्थिर कैसे बनाया जाए? इन सारे निरुत्तरित प्रश्नों का समाधान आज भी उपलब्ध हो सकता है। जरूरी है कि हम उन्हीं तरीकों और विचारों के साथ किसी भी समस्या का हल नहीं करें, जिनके साथ हमने वह समस्या पैदा की है। समस्या की उत्पत्ति और समस्या के समाधान का मार्ग कभी भी एक नहीं हो सकता।

महावीर ने आत्मा को समय माना। उन्होंने ऐसा इसलिए माना कि जिस दिन आप इतने शांत एवं संतुलित हो जाएं कि वर्तमान आपकी पकड़ में आ जाए तो समझना चाहिए कि आप सामायिक में प्रवेश के लिए सक्षम हो गए हैं।

सामायिक अथवा ध्यान जीवन की आंतरिक अनुभूति है जिसका प्रभाव हमारे बाह्य जीवन में परिलक्षित होता है। इसीलिए बाहर के जगत में समय और क्षण के भीतर घटने वाली घटनाओं की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें रूपांतरित करने का प्रयास होना चाहिए। मन को अनुशासित करना जितना एक योग साधन के लिए उपयोगी है उतना ही एक साधारण व्यक्ति के लिए भी। यह मानव मात्र के लिए उपयोगी है। मनुष्य अनन्त शक्ति का भंडार है। किंतु मन को संतुलित करने का मार्ग नहीं जानता, इसलिए वह अपने आपको कभी निर्बल, कभी दुखी, कभी अज्ञानी और कभी अशांति का अनुभव करता है। इन स्थितियों से निजात पाने का मार्ग है-संकल्प। असल में संकल्प हमें हमारी जीवन-ऊर्जा को अधोगामी होने से बचाता है बल्कि वह उसे उर्द्धवगामी बनाता है। आधुनिक युग का प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की चिंता व तनाव से ग्रस्त है। आज विश्व के सर्वाधिक विकसित व संपन्न राष्ट्र अमेरिका में लोग तनाव व चिंता से निजात पाने के लिए प्रतिवर्ष 10 करोड़ डॉलर से अधिक व्यय करते हैं तथा कई टन मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं। तनाव की यह समस्या नई नहीं है। प्राचीन काल में भी व्यक्ति इसके दुष्परिणामों से मुक्त नहीं था। लेकिन वर्तमान में इस समस्या ने काफी उग्र रूप धारण कर लिया है। जहां समस्या है वहां समाधान भी है। अशांत मन को अनुशासित करने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन देने वाली कबीरदासजी की इस प्रेरणा का स्मरण रखें-जिन जागा तिन माणिक पाया। किसी भी समस्या के मूल में मन का असंयम होता है। जब मन में कोई बुरा विचार पैदा होता है तो हमारा आचार व व्यवहार भी बुरा बन जाता है। शक्ति जागरण व शांत जीवन का महत्वपूर्ण सूत्र है-संयम। मन को अनुशासित कर असंयम से होने वाली समस्या पर काबू पाया जा सकता है। तनाव व आपाधापी की जिंदगी में शांति के सुमन खिल सकते हैं, बशर्ते जीवन के प्रति सकारात्मकता का क्रम दीर्घकालित व निरंतरता लिए हुए हो।



# मैं किसी भी शादीशुदा इंसान को डेट नहीं करूंगी

अभिनेता जीवी प्रकाश ने पिछले साल अपनी पत्नी गायिका सैंधवी से तलाक ले लिया था। इस मामले को भी लोग अभिनेत्री दिव्याभारती से जोड़ रहे हैं, साथ ही दोनों के बीच अफेयर्स की अफवाहें भी उड़ रही हैं। अभिनेत्री ने इन सब बातों पर चुप्पी तोड़ी और सभी को झूठा बताया है। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या कहा।


## अभिनेत्री का इन मुद्दों से कोई संबंध नहीं

साउथ अभिनेत्री दिव्याभारती ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा है कि जानबूझकर उनका नाम किसी के निजी जीवन में जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीवी प्रकाश के पारिवारिक मामले से उनका कोई संबंध नहीं है। साथ ही अभिनेत्री ने लिखा कि वो कभी किसी अभिनेता को डेट नहीं करेंगी और किसी शादीशुदा इंसान को तो हरगिज नहीं। इसके अलावा अभिनेत्री ने स्टोरी में लिखा कि वह पहले तो इसका जवाब नहीं देना चाहती थी, लेकिन जब अफवाहें बढ़ने लगी तो उन्हें जवाब देना पड़ा।

## वह एक स्वतंत्र महिला है

इसी पोस्ट में आगे बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह एक स्वतंत्र और मजबूत महिला हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से नकारात्मकता फैलाने की बजाय सकारत्मकता पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही और अनुरोध किया कि उनका सम्मान किया जाए।

एक नजर मामले और अभिनेत्री की ओर जीवी प्रकाश ने पिछले साल अपनी पत्नी सैंधवी से 11 साल तक रिश्ते में रहने के बाद तलाक ले लिया था। अब इस मामले में लोगों का कहना है कि उनका रिश्ता टूटने के पीछे अभिनेत्री दिव्याभारती का हाथ है। साथ ही इन दोनों के अफेयर्स की अफवाहें भी उड़ाई जा रही हैं। हालांकि, आपको बतात चलें कि अभिनेत्री ने जीवी प्रकाश के साथ बैचलर और किंग्सटन जैसी फिल्मों में काम किया है।



# खाकी के सेट पर घबरा गई थीं चित्रांगदा सिंह

चित्रांगदा सिंह की खाकी- द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज हाल ही में रिलीज हुई। सीरीज के रिलीज होने के बाद एक्ट्रेस ने शूटिंग के कुछ किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के समय 400 लोगों के सामने काफी नर्वस फील कर रही थीं। चित्रांगदा सिंह ने सेट के किस्से शेयर करते हुए कहा कि कुछ मोमेंट ऐसे हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल पाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चित्रांगदा ने बताया, 'एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा चैलेंजिंग किरदारों को चुनती हूं। नॉर्मल किरदार निभाना कॉमिक बुक जैसा लगता है।'

## एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना पड़ा

चित्रांगदा ने कहा कि निबेदिता बसाक की भूमिका निभाना मुश्किल था। एक स्पेशल सीन को करते हुए एक्ट्रेस को काफी घबराहट हुई। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर मुझे करीब 400 लोगों के सामने भाषण देना था। इस सीन को विक्टोरिया मेमोरियल के ठीक सामने एक बड़े मैदान में शूट किया गया था। मैंने डायरेक्टर के साथ वैन में अपने भाषण की प्रैक्टिस की। लेकिन जैसे ही मैं स्टेज पर चढ़ी और रेडी टू रोल सुना, मुझे काफी घबराहट होने लगी और मैं कुछ सेकेंड के लिए फ्रिज हो गई थी। हालांकि, भीड़ की एनर्जी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। यह मोमेंट मुझे हमेशा याद रहेगा।

## 20 मार्च को रिलीज हुई थी वेबसीरीज

'खाकी- द बंगाल चैप्टर' नेटफ्लिक्स पर हिंदी और बंगाली में एक साथ स्ट्रीम होने वाली पहली हिंदी सीरीज है। इसमें चित्रांगदा सिंह, निबेदिता बसाक की भूमिका में नजर आ रही हैं। इनके अलावा जीत मदनानी, प्रोसेनजीत चटर्जी, परमब्रत चटर्जी भी लीड रोल में हैं। खाकी- द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज 20 मार्च 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। यह सीरीज 'खाकी- द बिहार चैप्टर' का स्टैंड अलोन सीक्वल है। इसको नीरज पांडे ने क्रिएट किया है।

## जल्द ही एक्ट्रेस हाउसफुल 5 और रात अकेली है 2 में दिखेंगी।

चित्रांगदा सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही 'हाउसफुल 5' में दिखेंगी। फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म में चित्रांगदा और अक्षय कुमार के अलावा फरदीन खान, पूजा हेगड़े, रितेश देशमुख, श्रेयस तलपड़े, अभिषेक बच्चन के साथ जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, और सौंदर्या शर्मा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# पांच साल बाद पार्थ समथान की टीवी की दुनिया में वापसी!

अभिनेता पार्थ समथान को आखिरी बार 'कसौटी जिंदगी की सीजन 2' में देखा गया था। इस शो में वह एरिका फर्नांडिस के साथ नजर आए थे। अब वह टेलीविजन पर वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता कथित तौर पर सीआईडी 2 में दिखाई देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पार्थ सीआईडी 2 में अभिनय करेंगे। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हाल ही में खबर आई की शिवाजी साटम (एसीपी प्रद्युमन) शो को अलविदा कहने वाले हैं। आगामी एपिसोड में उनकी मौत से जुड़ा दुखद मोड़ दिखाया जाएगा। हालांकि, उन्होंने इस पर अभी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एक लंबी छुट्टी का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें सीआईडी की आगामी शूटिंग के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। पार्थ ने साल 2024 में आई फिल्म 'घुड़चढ़ी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इसके पहले वह कई सारे टीवी शो में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।



# अजय देवगन को भाया 'केसरी 2' का ट्रेलर

अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। इसमें अक्षय कुमार ने वकील शंकरन नायर की भूमिका निभाई है। जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार के लिए जिम्मेदार ब्रिटिश अधिकारी रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर को कोर्ट में सजा दिलाने की नायर ठान लेते हैं। फिल्म 'केसरी 2' के ट्रेलर को देखकर दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस ट्रेलर की खूब तारीफ की है। साथ ही अभिनेता अजय देवगन ने भी फिल्म को सराहा है।

## अक्षय की तारीफों के पुल बांध दिए

फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर देखकर कई सोशल मीडिया यूजर्स अक्षय कुमार की तारीफ करते नहीं थके। एक यूजर ने लिखा, 'यह बिल्कुल भी बॉलीवुड फिल्म नहीं लगती है। फिल्म के किरदार बहुत ही कमाल के हैं। साथ ही शंकरन नायर की भूमिका में अक्षय से बेहतर कलाकार कोई हो नहीं सकता था। अच्छा लगा कि बॉलीवुड ने अपनी गलतियों से सीखा है और खुद को बेहतर बनाने पर काम किया है।' एक यूजर ने लिखा, 'अक्षय कुमार एक मास्टरपीस फिल्म लेकर आए हैं।' कई यूजर्स ने इस फिल्म को अक्षय कुमार का कमबैक तक कह दिया। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर 'केसरी 2' का ट्रेलर साझा किया है। साथ ही एक खास मैसेज भी लिखा है। अजय देवगन लिखते हैं, 'भगत सिंह की लड़ाई, संघर्ष सड़क पर था, ये लड़ाई कोर्ट रूम में है। इन दोनों ही चीजों ने इतिहास को बदल दिया। 'केसरी 2' के लिए मेरे दोस्त अक्षय कुमार और पूरी टीम को बधाई।' इस तरह अजय देवगन ने भी फिल्म 'केसरी 2' को सराहा है। फिल्म में अक्षय कुमार का किरदार शंकरन नायर एक सीन में ब्रिटिश अधिकारी डायर को एक डायलॉग बोलते हैं, 'द एंपायर की श्रिंकिंग'। यह डायलॉग फैंस को खूब भाया है। इस डायलॉग को सोशल मीडिया यूजर्स ने खूब पसंद किया है।

## आर माधवन-अनन्या की भी तारीफ हुई

अक्षय कुमार के अलावा फिल्म 'केसरी 2' में आर माधवन और अनन्या पांडे भी वकील की भूमिका निभा रहे हैं। अक्षय के सामने आर माधवन चुनौती बनकर खड़े हैं। दोनों की टक्कर ट्रेलर में देखने लायक है। कई यूजर्स ने आर माधवन को भी सराहा है। एक यूजर लिखता है, 'आर माधवन का एंट्री सीन कमाल का है।' वहीं एक दूसरा यूजर लिखता है, ' आर माधवन के अलावा अनन्या भी फिल्म में अच्छी लग रही हैं। इस टॉपिक पर फिल्म बनाना बहुत बड़ी बात है।'





# क्लोज और नेपोटिस्ट इंडस्ट्री है हॉलिवुड बाहर वालों को नहीं घुसने देते

कहानी घर घर की, देश में निकला होगा चांद और बा बहू और बेबी जैसे मशहूर टीवी शोज की ऐक्ट्रेस श्वेता केसवानी करीब डेढ़ दशक पहले ये सारी शोहरत और पहचान को प्यार और परिवार के लिए छोड़कर सात समंदर पार एक नए देश न्यूयॉर्क में बस गई। श्वेता का कहना है कि बाहर से आए कलाकारों के लिए हॉलिवुड में घुसना टेढ़ी खीर है।

**आप भारत में एक मशहूर ऐक्ट्रेस थीं। ऐसे में, इंडिया छोड़कर न्यूयॉर्क में बसने और हॉलिवुड में हाथ आजमाने का फैसला कैसे किया? और यह सफर कैसा रहा?**

साल 2010 में मैं न्यूयॉर्क में एक एक्टिंग कोर्स करने गई थी। वहां मैं अपने पति केन एंडीनो से मिली। पहले हम लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहे, मगर जब हमने साथ रहने का फैसला किया तो मैंने सोचा कि मैं वहां मूव करने का चांस लेती हूं, क्योंकि ऐसा नहीं था कि मुझे सिर्फ अफेयर करना था। मुझे अपना घर बनाना था। मैं अपना बच्चा चाहती थी और जब बच्चा होता है तो मां को एक ब्रेक लेना पड़ता है क्योंकि बच्चे को मां की जरूरत होती है। ऐसे में, मैंने सोचा कि एक नए मार्केट को एक्सप्लोर करने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि बेशक इंडिया में नाम था, पर सास-बहू के सीरियल ही चल रहे थे। जब मैं कोर्स करने आई थी तब टीवी में हम जैसे स्थापित एक्टर्स के लिए माहौल ठंडा था, क्योंकि नए चेहरे बहुत कम फीस पर काम कर रहे थे तो मेकर्स नए लोगों को चांस दे रहे थे। मुझे जो ऑफर मिल रहे थे, वे मुझे पसंद नहीं आ रहा थे तो मैंने सोचा कि अगर यूनिवर्स ने मुझे इस आदमी से मिलाया है तो कोई वजह होगी। हालांकि, हॉलिवुड में घुसने का सफर बहुत चैलेंजिंग था। मुझे इंडस्ट्री में रिलेशनशिप बनाने में ही 13 साल लग गए।

**हॉलिवुड फिल्मों में आम तौर पर भारतीय एक्टर्स को छोटे-मोटे रोल या ड्राइवर-वर्कर जैसे कम आदमनी वाले किरदारों में ही कास्ट किया जाता है। आपका अनुभव क्या रहा है?**

आपने बिल्कुल सही कहा। हॉलिवुड बहुत ही क्लोज, नेपोटिस्ट इंडस्ट्री है। उनके गार्ड होते हैं, जो हॉलिवुड में नॉन हॉलिवुड के लोगों को घुसने नहीं देना चाहते। नॉन हॉलिवुड के जो भी लोग हॉलिवुड में आए हैं, उन्होंने बहुत ज्यादा मेहनत की है। यकीन मानिए, हॉलिवुड रूपी किले को भेदना मजाक नहीं है। रोल देते वक्त हमें सिर्फ एशियन डायस्पोरा के करैक्टर के लिए सोचा जाता है यानी सिर्फ साउथ एशियन नहीं, मिडिल इस्टर्न, नेटिव अमेरिकन, हम सबको एक एक ब्रैकेट में डाल दिया है, तो अगर कोई ब्राउन या नॉन अमेरिकन एक्टर चाहिए तब उन्हें हमारी याद आती है और इतने बड़े सागर, जिसमें जपान, कोरिया, भारत, नेटिव अमेरिकन, मिडिल ईस्ट, सब जगह के लोग हैं, उनमें से ऑडिशन होता है, तो मैं साल में 100 ऑडिशन करूं तो कहीं जाकर 2 बुकिंग मिलती है।



# फिल्म न चलने पर ऑडियंस को दोष नहीं दे सकते

अमित साध इंडस्ट्री में जाना-माना नाम हैं। एक्टर अपने इंटेंस और एक्शन रोल के लिए जाने जाते हैं। अमित आज जिस मुकाम पर हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने कई जतन किए हैं। बहुत सारी चुनौतियों को झेला है। एक्टर का मानना है कि इंडस्ट्री हो या समाज इंसानियत पहले होनी चाहिए। उनकी कोशिश है कि वो अपने हिस्से की इंसानियत बराबर से निभा पाए।

**अमित आप सुशांत सिंह राजपूत के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करते थे। क्या आउटसाइडर एक्टर को जनता सपोर्ट नहीं करती है?**

मैं इस बारे में बहुत सोचता हूं। जनता ने ऑलरेडी सबको बहुत कुछ दे रखा है। तो हर चीज जनता पर नहीं डाल सकते। अगर आपके घर में आग लगी हो तो आग बुझाने की ड्यूटी सबसे पहले घरवालों की होती है। न कि पड़ोसी की। वैसे ही अगर कोई एक्टर परेशान है, अकेला है तो पहला रोल इंडस्ट्री का होना चाहिए। इंडस्ट्री एक फैमिली है। अगर अपने ही अपने काम नहीं आए तो हम कौन होते हैं ऑडियंस को दोष देने वाले। मुझे लगता है कि हमें एक-दूसरे का ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत है। एक-दूसरे के प्रति इतना गुस्सा, रंजिश या उसे इंसान को रिजेक्ट करना देना नहीं होना चाहिए।

**सुशांत ने या आपने बहुत अच्छी फिल्म बनाई है लेकिन ऑडियंस नहीं देखती। तो क्या जनता दोषी नहीं है?**

ऐसे में मेरा मानना है कि अगर कोई फिल्म नहीं चली तो इसका दोष हम ऑडियंस पर नहीं डाल सकते। ऑडियंस बहुत बड़ा फैक्टर है लेकिन कई बार गणित सही नहीं बैठता है। पिक्चर अच्छी है या गंदी ये तय करने वाले भी हम कोई नहीं होते हैं। मान लीजिए, कोई फिल्म बनी, उसका एक वक्त था, उस फिल्म की किस्मत थी, उसमें वो फील था। दुनिया ने देखी और वो चल गई। अगली नहीं चली तो आगे बढ़ना चाहिए। कुछ और ट्राई करना चाहिए।

**आपको नहीं लगता है कि ऑडियंस स्टार किड्स के बारे में जानने के लिए उत्सुक होती है? पैपराजी भी उन्हें ही फोकस करते हैं?**

बिल्कुल नहीं। कोई ऑडियंस स्टार किड को जानने में उत्सुक नहीं होती। उनकी मार्केटिंग टीम आपको यकीन दिलाती है। जनता बहुत स्मार्ट है। जनता ये तय करती है कि उन्हें कौन सी फिल्म सिनेमा हॉल में देखनी है, कौन सी ओटीटी में और कौन सी पिक्चर नहीं देखनी है। जनता कंज्यूमर है और कंज्यूमर भगवान होता है। ऑडियंस नहीं होती तो इंडस्ट्री नहीं होती। ऑडियंस नहीं होती तो मेरे जैसा इंसान एक्टर नहीं बनता। मैं तो ऑडियंस से शिकायत ही नहीं कर सकता। उन्होंने तो मुझे सड़क से उठाकर यहां बिठा दिया है।

**नेपोटिज्म पर आपकी क्या राय है?**

मुझे तो लगता है कि हम सब नेपोटिज्म हैं। मेरी नजर में नेपोटिज्म कोई चीज आपको अपने मां-बाप से, कुदरत से, अपने आस-पास के माहौल से मिलना है। कुछ चीजों में आप आगे होते हैं। कुछ चीजों में कोई दूसरा बेहतर होता है। अगर मुझे कोई बोले 20 फीट से छलांग लगाने, मैं दो मिनट मैं कर दूंगा। अगर मुझे गन दोगे तो मैं सोल्जर बन जाऊंगा क्योंकि मैं हमेशा एक सोल्जर की तरह ट्रेन्ड हुआ हूं। ये मेरी नेपोटिज्म है। मार्केटिंग ने इस टर्म को गढ़ दिया है। सबको अपने हिस्से की खुशियां और स्ट्रगल मिलती है। चाहे आप सचिन तेंदुलकर के बेटे क्यों ना हो?

**इस समय आपका एम्बिशन क्या है? ड्रीम रोल क्या है?**

मेरे अंदर एम्बिशन नहीं काम को लेकर भूख है। ड्रीम रोल की बात करूं तो मुझे जो भी रोल मिलता है, उसमें अपना समर्पण देता हूं। उसे ही अपना ड्रीम रोल बना देता हूं। हालांकि, मैं फिल्मों में लॉयर की भूमिका निभाना चाहता हूं। मैं सुपरहीरो वाली फिल्म करना चाहता हूं। मैं कॉमेडी फिल्में करना चाहता हूं। ऑडियंस को एंटरटेनमेंट के साथ खुशी और रोमांच देना चाहता हूं।

**फैंस का कोई मैसेज या तारीफ जो आपके दिल के करीब है और आप बताना चाहते हो?**

जवाब- मेरे पास दो ऐसे किस्से हैं। 'काई पो चे' के वक्त मेरी एक फैंस मुझे मैसेज करके लड़ती थी कि आप इंटरव्यू में बोलते क्यों नहीं हैं? मैं भी उससे लड़ता और बताता था कि दूसरे एक्टर मुझे बोलने ही नहीं देते। तो वो कहती कि जब आपसे सवाल करते हैं, तब तो जवाब देना चाहिए। मैंने उससे बोला कि शायद मुझे बात करने नहीं आती, मैं कोशिश करूंगा। फिल्म 'सुल्तान' और 'ब्रीद' के बाद मैं थोड़ा बोलने लगा। इंटरव्यू में अपनी सोच बताने लगा। फिर उसका मैसेज आया कि अब मैं असली शेर को देख रही हूं।

**अमित अपने आने वाली फिल्मों के बारे में बताइए?**

'पुणे हाइवे' करके मेरी एक फिल्म आ रही है। ये राहुल दा कुन्हा की प्ले पर आधारित मर्डर मिस्ट्री है। मेरे लिए ये फिल्म 'काई पो चे' है। इसमें भी तीन दोस्त हैं। इस पूरी फिल्म की वाइब भी 'काई पो छे' वाली ही है। तीन दोस्तों की कहानी है। फिल्म में ड्राई ह्यूमर है। दोस्ती और दुविधा साथ-साथ चलती है। जल्द ही इस फिल्म का प्रमोशन शुरू होगा। मेरी एक और फिल्म आ रही है 'प्रताप'। इसमें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की कहानी है। मैं अपनी दोनों फिल्मों को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

# भाजपा सरकार ने उप्र को बनाया एक्सप्रेस–वे का प्रदेश : डॉ. महेश शर्मा

## भाजपाईयों ने नोएडा में निकाली बाइक रैली



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा नोएडा महानगर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेश चौहान के मार्गदर्शन में एवं भाजपा युवा मोर्चा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर बाइक रैली का आयोजन किया गया।

बाइक रैली के भाजपा नोएडा महानगर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से बाइक रैली कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपुल शर्मा तथा विधानसभा संयोजक युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्यम सिंह रहे।

गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने बाइक रैली को नोएडा स्टेडियम गेट नंबर 4 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डॉ महेश शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियां को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, आज भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस वे प्रदेश के नाम से भी जाना जाने लगा है। उत्तर प्रदेश में आज प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो रहा है, डॉ महेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के फल स्वरुप ही आज उत्तर प्रदेश आर्थिक प्रगति दर में भी देश में अग्रणी सूची में पहुंच गया है।

महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज उत्तर प्रदेश में प्रभु श्री रामलला का मंदिर, बाबा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर के साथ–साथ सभी प्रमुख मंदिरों का भी जीर्णोद्धार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 8 वर्षों में 8 लाख से भी अधिक सरकारी नौकरियां देकर के युवाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है।

बाइक रैली में जिला महामंत्री डिंपल आनंद, जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, प्रज्ञा पाठक, भूपेश चौधरी, अशोक मिश्रा, दीनबंधु, नीरज चौधरी, सत्यनारायण महावर, रिंकू तंवर, अर्पित मिश्रा, कालू पंडित, कौशल यादव, तुषार गोयल ऋषि तोमर, विपिन कुमार, उमंग मित्तल, गुरमीत सिंह लेखराज बेनीवाल, ललित शर्मा, शिवम पाठक, हरिकिशोर, मनोज उपाध्याय, रोहित ठाकुर, मनोज चौहान, गोपाल गौर, सूर्या शर्मा, अंकुर, नीरज चौधरी, उस्मान, ललित,इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलवायु टॉवर्स सोसायटी आरडब्ल्यूए का गठन

## ग्रुप कैप्टन एके सिंह अध्यक्ष और महासचिव ज्योति त्रिपाठी बनी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 47 जलवायु टॉवर्स सोसायटी की आरडब्ल्यूए का गठन किया गया। जिसमें रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन एके सिंह को अध्यक्ष और ज्योति डी त्रिपाठी को महासचिव चुना गया। इससे पहले 6 अप्रैल को बोर्ड मेंबर का चुनाव किया गया। जिसमें 7 सदस्य जीतकर आए। उनमें से ही सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।



जलवायु टावर्स सेक्टर 47 नोएडा के आरडब्ल्यूए के बोर्ड के सात सदस्यों का चुनाव पिछले रविवार 6 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से दो पैनेल SITA और SHAKTI आमने सामने थे, वहीं एक प्रत्याशी निर्दलीय थे। रिटायर्ड एवीएम जेएस पानेसर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, रिटायर्ड कमोडोर वीएस भटनागर व अनिल सिसोदिया चुनाव अधिकारी रहे। इनकी निगरानी में ही चुनाव कराया गया। जिसमें चुनाव में SITA पैनेल विजयी रहा। इसके बाद 9 अप्रैल को बोर्ड मीटिंग के बाद सर्वसम्मति से रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन एके सिंह प्रेजिडेंट, आसिम अफसर वाइस प्रेजिडेंट, ज्योति डी त्रिपाठी जनरल सेक्रेटरी, ऋषि जैन ट्रेजरार, प्रवीन सेठ असिस्टेंट ट्रेजरार, आशीष सोनी व शशांक चतुर्वेदी मेंबर चुने गये। बोर्ड ने निवासियों व सोसायटी के हित में काम करने की शपथ ली। प्रेजिडेंट ग्रुप कैप्टन एके सिंह और जनरल सेक्रेटरी ज्योति त्रिपाठी ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि सोसायटी निवासियों ने जो जिम्मेदारी दी है उसे सभी पदाधिकारियों के सहयोग से पूरा करेंगे।

# श्रीराम कथा में आज होगा भगवान राम का राज्याभिषेक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर–82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट–7 में आयोजित श्रीराम कथा के



पांचवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने श्रीराम सीता विवाह, लक्ष्मण परशुराम संवाद आदि प्रसंगो जनकपुरी पहुंचने पर मुनि समेत दोनों भाइयों का जनक जी द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया जाता है। जनक जी अपनी प्रतिज्ञा से सभी को अवगत कराते हैं कि जो भी शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ जानकी का विवाह होगा। जनक जी का प्रण सुनकर देश देशांतर के बलशाली राजा आए लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी धनुष नहीं तोड़ पाए। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष उठा लिया। भगवान राम के छूते ही धनुष टूट गया और जानकी जी ने राम जी के गले में वरमाला डाल देती हैं। देवता ऊपर से पुष्प वर्षा करते हैं और चारों ओर खुशियां छा जाती हैं।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 11 अप्रैल को राम राज्याभिषेक की तैयारी, राम वनवास, केवट संवाद आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कथा व्यास द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर देवमणि शुक्ल, रवि राघव, गोरे लाल, संजय पांडेय, हरि सिंह, ब्रिजेन्द्र सिंह, संजय शुक्ला, रमेश चंद शर्मा, विश्वनाथ त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, रमेश वर्मा, नीरज शर्मा, गौरव, पप्पू सिंह, जितेंद्र सतपति, उमाकांत त्रिपाठी, हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, रविंद्र कुमार, देवेंद्र गुप्ता, बहादुर चौहान, रमेश दास, अंगद सिंह तोमर, सुशील पाल सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

# ओवर लोड 5 बसों का चालान




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा सवारियों की ओवर लोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डा उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि आज सवारियों की ओवर लोडिग करने वाली 5 बसों का चालान कर निरुद्ध किया गया है।

उन्होंने बताया कि सवारी वाहनों और बसों में ओवरलोडिंग के कई नुकसान हो सकते हैं, जो न केवल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, बल्कि सड़क यातायात और पर्यावरण पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं।

उन्होंने सभी वाहन चालकों, मालिकों और यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि सवारी वाहनों और बसों में ओवरलोडिंग से बचें। अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए वाहन की निर्धारित क्षमता का पालन करें।

# महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जैन समाज द्वारा महावीर जन्मोत्सव पर आध्यात्मिक भजन संध्या का आयोजन धूमधाम व भव्यता पूर्वक किया गया। इस मौके पर अन्तरध्यानी फेस संजीव शास्त्री एवं उनके कलाकारों ने 'क्षणभंगुर संसार आ कुंद कुंद का वैराग्य' पर अद्भुत नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया, जिसपर दर्शक झूमते नजर आए। इस मौके पर नोएडा ए–103, सेक्टर–93 बी पर जैन मंदिर से महावीर स्वामी के एक भव्य बैलगाड़ी रथयात्रा निकाली गई जिसमें जैन समाज के हजारों भक्त जय जिनेंद्र का जयघोष करते हुए आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण किया।



इस अवसर पर जैन समाज एक्सप्रेसवे नोएडा के प्रमुख सुनील जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। उनके पास एक लँगोटी तक का परिग्रह नहीं था। हिंसा, पशुबलि, जाति–पाँति के भेदभाव जिस युग में बढ़ गए थे, उसी युग में पैदा हुए थे महावीर स्वामी।

उन्होंने बताया कि महावीर स्वामी ने अपने प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। उन्होंने बताया कि एक बेहतर समाज बनाने के लिए लोगों को भगवान महावीर की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। श्री जैन ने कहा कि स्वामी महावीर ने जैन धर्म के उत्थान के लिए बहुत कार्य किए थे।

कार्यक्रम में मोहित जैन, रोहित जैन, शरद जैन, विपिन मल्हन सहित भारी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए।

# 'अंबेडकर जंयती पर रहें सतर्क, अफवाहों पर न दें ध्यान'

## पुलिस अधिकारियों ने की पीस कमेटी की बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती को लेकर नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने पीस कमेटी की बैठक की।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में आगामी अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार व एसीपी द्वितीय ग्रेटर नोएडा श्रीमती सौम्या सिंह व आईपीएस श्रीमती कृतिका शुक्ला द्वारा थाना दादरी व थाना जारचा में संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी।



मीटिंग में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हे आगामी अम्बेडकर जयंती को शांति पूर्वक मनाने व किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में बताया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हे समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे।

# नक्सलवाद पर केन्द्र का व्रज प्रहार दो साल में 479 नक्सलियों का खात्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** केन्द्र की मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए 'व्रज प्रहार' करते हुए महज दो सालों में नक्सल प्रभावित राज्यों में 479 नक्सलियों का खात्मा कर दिया है। केन्द्र के इस 'व्रज प्रहार' से डरकर अब तक कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी कर दिया है। लेकिन दुखद बाता यह है कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये अभियानों में जवानों को शहादत भी देनी पड़ी है।

नोएडा के समाजसेवी व अधिवक्ता रंजन तोमर ने नक्सलियों के खिलाफ केन्द्र सरकार द्वारा चलाये गये अभियान के बारे में आरटीआई से जानकारी मांगी थी। इस आरटीआई के जवाब में गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में केंद्र सरकार ने नक्सलवादियों पर शिकंजा और कसा है , जिसमें अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2025 तक 479 नक्सलवादी ढेर कर दिए गए हैं। लेकिन इस दौरान 58 भारतीय जवान भी शहीद हुए हैं।




## 6 राज्यों में नक्सलवाद बाकी

दूसरे सवाल में पूछा गया था की देश के वह कौन कौन से राज्य हैं जहाँ अभी भी नक्सलवाद ने अपने फन फैलाया हुआ है और उसे पूरी तरह नहीं कुचला जा सका है। इसके जवाब में मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं तेलंगाना में नक्सलवाद जारी है। डॉ रंजन तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लगातार नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का अच्छा प्रयास किया जा रहा है लेकिन इस दौरान भारतीय जवानों की शहादत एक बड़ी चिंता का विषय है। सरकार को जल्द से जल्द इस समस्या से देश को निजात दिलानी पड़ेगी।

